देहरादून,पौड़ी–गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 19 अंक: 148 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

# पेज श्री

देहरादून, शनिवार, 14 सितंबर 2024

विचार–प्रवाह...
हिरासत की जरूरत नही





मौसम अधिकतम 28.0° न्यूनतम 22.0° | 79924.77

2 भारत ने पाकिस्तान को फिर लताड़ा | 7 काला चश्मा पहनकर बैटिंग करने उतरे श्रेयस

# मेरे खून का कतरा–कतरा देश के लिए: केजरीवाल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल तिहाड़ से बाहर आ गए। उन्होंने बाहर आते ही समर्थकों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भगवान का बहुत–बहुत शुक्रिया। मेरे खून का कतरा–कतरा देश के लिए समर्पित है। उन्होंने कहा कि आज सब की दुआओं से बाहर आया हूं। ऊपर वाले ने मुझे ताकत दी है। मैं इस देश विरोधी ताकतों से लड़ता रहूंगा। उन्होंने कहा कि जेल की सलाखें भी मुझे कमजोर नही कर पाई है। उन्होंने कहा कि मैं सही था, इसलिए भगवान ने मेरा साथ दिया। इससे मेरी ताकत 100 गुणा ज्यादा बढ़ गई है। उन्होंने कहा कि मेरा कतरा–कतरा देश के लिए है। केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल भी तिहाड़ पहुंच चुकी थी। वहीं केजरीवाल के स्वागत के लिए पंजाब के सीएम भगवंत मान, आप नेता मनीष सिसोदिया और राज्यसभा सांसद संजय सिंह मौजूद रहे।

बता दें, अरविंद केजरीवाल को जमानत मिलने के बाद से ही आप कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है। आप के कई नेताओं ने भी इसे सत्य की जीत करार दिया है। मनीष सिसोदिया और सुनीता केजरीवाल ने मिठाईयां बांटकर खुशियां व्यक्त की। इससे पहले दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की जमानत याचिका पर तो सुप्रीम कोर्ट बेंच के दोनों जजों में सहमति रही, लेकिन सीबीआई द्वारा गिरफ्तारी की वैध ाता को दी गई चुनौती वाली अर्जी पर जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस उज्जल भुइयां में घोर मतभेद दिखा। जस्टिस भुइयां ने केजरीवाल को शराब घोटाले में ही प्रवर्तन ईडी की तरफ से दर्ज मुकदमे में मिली जमानत के लिए तय शर्तों पर भी पुरजोर आपत्ति जताई। इन शर्तों पर उनका रोष साफ–साफ दिखा जब उन्होंने कहा कि वो न्यायिक पद पर बैठे हैं और इसके लिए जिस संयम की मांग है, उसे देखते हुए खास टिप्पणी नहीं कर रहे हैं। जस्टिस भुइयां ने अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार करने के लिए सीबीआई को कटघरे में खड़ा किया। उन्होंने साफ कहा कि सीबीआई ने बदनीयती से केजरीवाल को तब गिरफ्तार किया जब वो ईडी केस में जमानत पाकर जेल से निकलने वाले थे।

## जेल से बाहर आए केजरीवाल, सुप्रीम कोर्ट ने दी जमानत

### फिर हुआ पिंजरे में बंद तोता का जिक्र



जस्टिस भुइयां ने साफ कहा, सीबीआई द्वारा की गई इस तरह की कार्रवाई गिरफ्तारी के समय पर गंभीर सवाल उठाती है और सीबीआई द्वारा की गई इस तरह की गिरफ्तारी केवल ईडी मामले में दी गई जमानत को विफल करने के लिए थी। जस्टिस भुइयां ने कहा कि सीबीआई को इस धारणा को दूर करना चाहिए कि वह केंद्र सरकार का पिंजरे में बंद तोता है।

### जमानत के बाद भी जेल पर रखना मजाकः जस्टिस भुइयां

जस्टिस भुइयां ने दोहराया कि जांच में सहयोग करने का मतलब यह नहीं है कि अभियोजन पक्ष जो चाहे, केजरीवाल सवाले के वैसे ही जवाब दें। उन्होंने कहा, जब केजरीवाल ईडी मामले में जमानत पर हैं तो उन्हें जेल में रखना न्याय का मजाक होगा। कानून का इस्तेमाल प्रताड़ित करने के लिए नहीं किया जा सकता। न्यायमूर्ति भुइयां ने केजरीवाल को दिल्ली सचिवालय में प्रवेश करने और फाइलों पर हस्ताक्षर करने से रोकने वाली सुप्रीम कोर्ट की तरफ से पहले निर्धारित शर्तों पर भी घोर आपत्ति जताई। उन्होंने कहा, मुझे उन शर्तों पर गंभीर आपत्ति है जो केजरीवाल को सचिवालय में प्रवेश करने या फाइलों पर हस्ताक्षर करने से रोकती हैं, लेकिन मैं न्यायिक संयम के कारण कोई टिप्पणी नहीं कर रहा हूं, जैसा कि ईडी मामले में था।

### पहले ट्रायल कोर्ट जाने की दलील खारिज

जस्टिस भुइयां ने सीबीआई के लिए एएसजी एसवी राजू की दलीलों का जिक्र किया। एएसजी ने कहा था कि केजरीवाल को जमानत के लिए पहले ट्रायल कोर्ट का दरवाजा खटखटाना चाहिए। इस पर जस्टिस भुइयां ने कहा, ऐसी दलील स्वीकार नहीं की जा सकती, खासकर तब जब केजरीवाल को ईडी मामले में जमानत मिल चुकी है। इस मामले में आगे हिरासत में रखना पूरी तरह से अस्वीकार्य है। किसी विकसित न्यायशास्त्रीय प्रणाली का एक पहलू है जमानत का न्यायशास्त्र। यही वजह है कि जमानत नियम है जबकि जेल अपवाद। मुकदमे की प्रक्रिया या गिरफ्तारी की ओर ले जाने वाले कदम उत्पीड़न के आधार नहीं बनने चाहिए।

## संक्षिप्त समाचार

### मुख्यमंत्री ने दी जागतोली दशज्यूला महोत्सव की सभी को बधाई और शुभकामनाएं

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री आवास, देहरादून में वर्चुअल रूप से रूद्रप्रयाग में आयोजित जागतोली दशज्यूला विकास महोत्सव–2024 कार्यक्रम को संबोधित किया। मुख्यमंत्री ने जागतोली दशज्यूला महोत्सव की सभी को बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि दशज्यूला का यह क्षेत्र सांस्कृतिक, सामाजिक और शैक्षिणिक गतिविधियों का केंद्र एवं प्राचीन परंपराओं, मेलों और सांस्कृतिक धरोहरों के लिए प्रसिद्ध रहा है।

### डब्ल्यूएचओ ने एमपॉक्स की पहली वैक्सीन को दी मंजूरी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

जिनेवा। डब्ल्यूएचओ ने वयस्कों के लिए एमपॉक्स की पहली वैक्सीन को मंजूरी दे दी है। डब्ल्यूएचओ ने शुक्रवार को कहा कि यह अफ्रीका और अन्य स्थानों पर इस बीमारी से लड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। बवेरियन नार्डिक कंपनी की इस वैक्सीन को यूनिसेफ जैसे अंतरराष्ट्रीय संगठन खरीद सकेंगे।

# पोर्ट ब्लेयर का नाम अब श्री विजय पुरम होगा

## गृह मंत्री बोले–गुलामी का एक और निशान मिटा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने अंडमान निकोबार द्वीप समूह की राजधानी पोर्ट ब्लेयर का नाम बदलकर विजयपुरम कर दिया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एक्स पर एक पोस्ट में पोर्ट ब्लेयर के नए नाम का एलान किया गया। अमित शाह ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी विजन के तहत देश को औपनिवेशिक पहचान से मुक्त करने के लिए हमने पोर्ट ब्लेयर का नाम बदलकर श्री विजय पुरम करने का निर्णय लिया है। अब गुलामी का एक और निशान मिटा दिया गया है।

उन्होंने लिखा कि पहले के नाम में औपनिवेशिक विरासत थी। विजय पुरम स्वतंत्रता संग्राम में हासिल की गई जीत और उसमें अंडमान और निकोबार द्वीप समूह की अद्वितीय भूमिका का प्रतीक है। अंडमान और निकोबार द्वीप समूह का हमारे स्वतंत्रता संग्राम और इतिहास में अद्वितीय स्थान है। यह द्वीप क्षेत्र जो कभी चोल साम्राज्य के नौसैनिक अड्डे के रूप में कार्य करता था, आज हमारी रणनीतिक और विकास आकांक्षाओं के लिए महत्वपूर्ण आधार बनने के लिए तैयार है। यह वह स्थान भी है जहां नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने तिरंगे को पहली बार फहराया था और वह सेल्युलर जेल भी है जहां वीर सावरकर और अन्य स्वतंत्रता सेनानियों ने एक स्वतंत्र राष्ट्र के लिए संघर्ष किया था। केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले ने सरकार के फैसले का स्वागत किया है।

### केंद्र सरकार लगातार बदल रही नाम

केंद्र सरकार अंडमान–निकोबार में द्वीपों के नाम लगातार बदल रही है। पहले केंद्र सरकार ने रोस आइलैंड का नामकरण नेताजी सुभाषचंद्र बोस द्वीप के नाम पर किया था। इसके अलावा नील आइलैंड को शहीद द्वीप और हेवलॉक आइलैंड को स्वराज द्वीप का नाम दिया गया। इसके बाद केंद्र शासित प्रदेश अंडमान निकोबार द्वीप समूह के 21 द्वीपों का नामकरण परमवीर चक्र विजेताओं के नाम पर किया गया। पराक्रम दिवस के मौके पर पीएम मोदी ने विधिवत रूप से इसकी शुरुआत की थी। बता दें कि अंडमान निकोबार में द्वीपों का अभी तक नामकरण नहीं हुआ था लेकिन पीएम मोदी ने इन द्वीपों को नई पहचान दी।

# ऋषिकेश में गंगा का जलस्तर खतरे के निशान से पार हुआ

**संवाददाता**

नई दिल्ली। उत्तराखंड के पहाड़ी इलाकों में हो रही मूसलाधार बारिश का असर मैदानी भागों में दिखाई दे रहा है। ऋषिकेश में तेज बारिश से गंगा और उसकी सहायक नदियां ऊफान पर आ गई है। गंगा घाट और तट जलमग्न हो गए हैं। गंगा का जलस्तर चेतावनी रेखा के पार पहुंच गया है।

त्रिवेणी घाट पूरी तरह से जलमग्न हो गया है। इसे देखते हुए प्रशासन की टीम तटीय इलाकों में रहने वाले लोगों को अलर्ट कर रही है। गंगा घाटों और तटों पर जल पुलिस के कर्मचारी तैनात किए गए। तटीय इलाकों में रहने वालों लोगों को सुरक्षित स्थानों पर रहने के लिए मुनादी की गई।

वहीं, मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से देहरादून समेत हरिद्वार, पौड़ी, बागेश्वर, नैनीताल, चंपावत और ऊधमसिंह नगर जिले के अधिकतर हिस्सों में भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है। बारिश को देखते हुए सभी जिलों में बच्चों की सुरक्षा के मद्देनजर 12वीं तक के सभी तरह के स्कूल बंद शुक्रवार को बंद रखे गए हैं।

### अलर्ट

■त्रिवेणी घाट जलमग्न, प्रशासन ने लोगों को किया अलर्ट



### तेज बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया

उत्तरकाशी, टिहरी, चमोली, रुद्रप्रयाग, अल्मोड़ा और पिथौरागढ़ के कुछ इलाकों में तेज बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। इन सभी जिलों में तेज हवा चलने के साथ कई दौर की भारी बारिश होने के आसार हैं। मौसम वैज्ञानिकों ने संवेदनशील इलाकों में सतर्कता से रहने की हिदायत दी है।

**Are you Planning to make a Website or already have ?**
*If yes, then we are here to serve you*

What we do

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

# घर–घर सर्वेक्षण के लिए स्वास्थ्य विभाग के कसे पेंच

**संवाददाता**

■जिलाधिकारी सविन बंसल ने की डेंगू पर प्रहार की कवायद शुरु

देहरादून। जिलाधिकारी सविन बसंल ने शुक्रवार को देर सायं ऋषिपर्णा सभागार कलेक्ट्रेट में डेंगू नियंत्रण की समीक्षा बैठक लेते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि डेंगू की रोकथाम हेतु प्रभावी सर्विलांस करने तथा कार्यों की मॉनिटरिंग की जाए। उन्होंने दवा एवं फॉगिंग की जिम्मेदारी स्वास्थ्य विभाग को देते हुए फॉगिंग और दवा छिड़काव की मशीने स्वास्थ्य विभाग को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। नगर निगम ऋषिकेश के अधिकारियों ने फॉगिंग मशीन की कमी बताई जिस पर जिलाधिकारी ने मशीनें दोगुनी करने के निर्देश देते हुए कहा कि इस कार्य में धन की कोई कमी नही होने दी जाएगी। नगर निगम ऋषिकेश को मशीने बढाने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने जिला चिकित्सालय का ब्लड बैंक न होने पर हैरानगी जाहिर करते हुए अधिकारियों को जिला चिकित्सालय का अपना ब्लड बैंक धरातल पर लाने की तत्काल कवायद शुरू करने के निर्देश दिए। चिकित्यालय का अपना ब्लड बैंक होने से मरीजों का इधर–उधर नहीं भटकना पड़ेगा।


# ट्रंप ने कमला हैरिस के साथ अगली बहस से किया इनकार

## ट्रंप-कमला हैरिस के बीच बहस को टीवी पर 6.71 करोड़ लोगों ने देखा

रिपोर्ट

मीडिया में कमला हैरिस की बढ़त की चर्चा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**



वाशिंगटन। डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि वह अपनी प्रतिद्वंद्वी उपराष्ट्रपति कमला हैरिस के खिलाफ किसी अन्य चुनावी बहस में शामिल नहीं होंगे। कोई तीसरी बहस नहीं होगी। इस बीच नीलसन द्वारा जारी किए गए डाटा के अनुसार, मंगलवार को ट्रंप और कमला हैरिस के बीच हुई राष्ट्रपति पद की बहस को टीवी पर 6.71 करोड़ लोगों ने देखा।

पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप ने जून में राष्ट्रपति जो बाइडन और इस हफ्ते उपराष्ट्रपति हैरिस के खिलाफ बहस में भाग लेने के बाद सोशल मीडिया साइट ट्रुथ सोशल पर लिखा वह आगे किसी बहस में शामिल नहीं होंगे। वहीं, प्रेसिडेंशियल डिबेट के बाद मीडिया में कमला हैरिस की बढ़त की चर्चा है। जबकि ट्रंप का चुनावी अभियान खुद को बेहतर बता रहा है। ट्रंप भी इसे अपना सर्वश्रेष्ठ बहस बता रहे हैं।

रॉयटर के अनुसार, इससे पहले जून में हुई बाइडन और ट्रंप की बहस को 5.1 करोड़ लोगों ने देखा था। वहीं, 2016 के राष्ट्रपति चुनाव में रिकार्ड 8.4 करोड़ लोगों ने टीवी पर हिलेरी क्लिंटन और ट्रंप के बीच बहस देखी थी।

अमेरिका के फिलाडेल्फिया में मंगलवार रात आयोजित प्रेसिडेंशियल डिबेट के बाद न्यूयार्क में एक रोचक वाकया घटित हुआ। 11 सितंबर के आतंकी हमले की 23वीं बरसी पर आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे राष्ट्रपति जो बाइडन को ट्रंप 2024 टोपी पहनकर अनूठा सौहार्द दिखाया। इस पर जब कुछ ट्रंप समर्थकों ने तंज कसा तो व्हाइट हाउस ने इसे द्विदलीय एकता का प्रदर्शन बताया।

व्हाइट हाउस के प्रवक्ता ने बताया कि 9/11 आतंकी हमले में मारे गए लोगों की याद में न्यूयार्क में मैनहट्टन के ग्राउंड जीरो पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान जब एक व्यक्ति ने राष्ट्रपति बाइडन को ट्रंप 2024 छपी एक लाल टोपी पहनने को दी तो उन्होंने खुशी से इसे पहन लिया। इसके जरिये राष्ट्रपति ने यह दिखाया कि ऐसे मौकों पर देश को किस तरह एकजुट रखा जा सकता है।

इस कार्यक्रम में बाइडन के अलावा उपराष्ट्रपति कमला हैरिस, पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप और रिपब्लिकन प्रत्याशी जेडी वेंस भी शामिल हुए। राष्ट्रपति पद के रिपब्लिकन प्रत्याशी डोनाल्ड ट्रंप और डेमोक्रेट प्रत्याशी कमला हैरिस ने अब अपना ध्यान स्विंग राज्यों पर केंद्रित कर लिया है।

## न्यूज डायरी



### मिस स्विट्जरलैंड फाइनलिस्ट क्रिस्टीना को पति ने उतारा मौत के घाट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। पूर्व मिस स्विट्जरलैंड फाइनलिस्ट क्रिस्टीना जोक्सिमोविक की उनके पति ने घर में बेरहमी से हत्या कर दी। आरोपी पति का नाम थॉमस है जिसने अपनी पत्नी क्रिस्टीना की गला घोंटकर हत्या कर दी। इतना ही नहीं अपना जुर्म छुपाने के लिए उसने अपनी पत्नी के शव के टुकड़े-टुकड़े कर दिए, जिसके बाद उसके शरीर के अंगों को मिक्सर में पीस दिया और उन्हें एसिड में घोलकर अपराध को छिपाने का प्रयास किया गया। लेकिन वह पुलिस की नजरों से बच नहीं पाया। आखिरकार पुलिस ने उसको पकड़ लिया, जहां उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। लेकिन उसने पुलिस को पूछताछ में जो बात बताई उससे पुलिस भी हैरान रह गई। वहीं, उसने यह भी कहा कि उसने अपनी पत्नी की हत्या आत्मरक्षा में की और वह उसकी मौत से घबरा गया था इसलिए उसने पत्नी के शव के टुकड़े किए। यह जघन्य अपराध फरवरी में सामने आया जब जोक्सिमोविक का क्षत-विक्षत शव मिला। अधिकारियों ने जांच शुरू की और तुरंत निष्कर्ष निकाला कि अंग-भंग करने से पहले उसका गला घोंटा गया था। इस जुर्म में पुलिस ने थॉमस को हिरासत में ले लिया था। वहीं, थॉमस ने कोर्ट से जमानत की मांग की थी जिसको संघीय अदालत ने खारिज कर दिया। स्विस मीडिया आउटलेट टुडे ने बताया कि थॉमस ने एक आरा, चाकू और बगीचे की कैंची का उपयोग करके अपनी पत्नी के शरीर को टुकड़े-टुकड़े कर दिया।

### जम्मू-कश्मीर को लेकर झूठ फैलाने पर भारत ने पाकिस्तान को फिर लताड़ा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** जिनेवा। भारत ने जम्मू-कश्मीर पर झूठे प्रचार को बढ़ावा देने के लिए संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद के मंच का दुरुपयोग करने और विश्व मंच पर झूठ फैलाने के लिए पाकिस्तान को लताड़ लगाई। भारत ने कहा कि पाकिस्तान खुद अपने क्षेत्र में धार्मिक, सांप्रदायिक और जातीय अल्पसंख्यकों का दमन रोकने में असफल रहा है। भारत ने पाकिस्तान को गलत सूचना फैलाने के बजाय अपनी खस्ताहाल अर्थव्यवस्था के पुनर्निर्माण पर ध्यान देने की सलाह दी। भारत ने जोर देकर कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार की कई सामाजिक-आर्थिक विकास पहलों के बाद जम्मू और कश्मीर में बड़े पैमाने पर प्रगति देखी गई है। हम समझते हैं कि पाकिस्तान के लिए जम्मू-कश्मीर की सर्वांगीण प्रगति देखना मुश्किल भरा है। भारत ने संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद के 57वें सत्र के दौरान बुधवार को दिए गए पाकिस्तान के बयान को दृढ़ता से खारिज करते हुए आतंकवादियों को पनाह देने, सहायता करने और सक्रिय रूप से समर्थन करने के पड़ोसी के इतिहास और नीति पर प्रकाश डाला। भारत ने कहा कि झूठे प्रचार के लिए परिषद के समय का दुरुपयोग कर पाकिस्तान आतंकवाद को बढ़ावा देने और प्रायोजित करने के अपने घिनौने रिकार्ड से ध्यान भटकाना चाहता है।

### बांग्लादेश में 50 साल में पहली बार मोहम्मद अली जिन्ना की पुण्यतिथि पर हुआ कार्यक्रम

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** ढाका। बांग्लादेश में अगस्त में हुए सत्ता परिवर्तन के बाद लगातार कई बदलाव देखे रहे हैं। शेख हसीना के पीएम पद से हटने और मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व में अंतरिम सरकार बनने के बाद भारत विरोध और पाकिस्तान प्रेम दिखाने वाले कार्यक्रम अचानक बढ़ गए हैं। इसी कड़ी में अब बांग्लादेश में पाकिस्तान के संस्थापक मोहम्मद अली जिन्ना की पुण्यतिथि पर कार्यक्रम हुआ है। साल 1971 में पाकिस्तान से अलग होकर स्वतंत्र देश बनने के बाद ये पहली बार है, जब बांग्लादेश में जिन्ना को याद करते हुए इस तरह का बड़ा आयोजन हुआ है। ढाका के नेशनल प्रेस क्लब में 11 सितंबर को जिन्ना की 76वीं पुण्यतिथि के कार्यक्रम में जमकर उनकी प्रशंसा की गई। यहां तक कि कुछ वक्ताओं ने तो जिन्ना को पाकिस्तान की तरह बांग्लादेश का भी शाश्प्तिाष घोषित करने की मांग कर दी। बांग्लादेश में शेख मुजीबुर्रहमान को राष्ट्रपिता का दर्जा दिया जाता है। इस कार्यक्रम में पाकिस्तान के बांग्लादेश में डिप्टी हाईकमिश्नर कामरान धंगल और मोहम्मद यूनुस सरकार से जुड़े कई लोग भी शामिल हुए। धनगल ने उम्मीद जताई कि बांग्लादेश के लोग जिन्ना की आजादी के वक्त निभाई गई शानदार भूमिका को समझेंगे।

## वेस्ट बैंक में भारतीय मूल के इजरायली सैनिक की मौत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज** यरुशलम। इजरायल के कब्जे वाले वेस्ट बैंक में भारतीय मूल का 24 वर्षीय इजरायली सैनिक मारा गया। स्टॉफ सार्जेंट जेरी जिदेन हंघाल की मौत साजिश के तहत की गई वाहन दुर्घटना में हुई।

पता चला है कि जिस ट्रक से इजरायली सेना की गार्ड पोस्ट पर टक्कर मारी गई वह फलस्तीनी नंबर प्लेट वाला था। उसके ड्राइवर ने जान-बूझकर बहुत तेज गति से गार्ड पोस्ट में टक्कर मारी जिसमें जेरी जिदेन तैनात था। जेरी का जन्म भारत के उत्तर-पूर्वी राज्य में हुआ था और उसका परिवार कई वर्ष पूर्व इजरायल आ गया था।

विदित हो कि भारत के मणिपुर और मिजोरम राज्यों में दशकों से हजारों यहूदी रहते हैं। गार्ड पोस्ट को टक्कर मारने वाले ड्राइवर की पहचान 58 वर्षीय हाइल धाईफलाह के रूप में हुई है। इजरायली सुरक्षा बल उसे गिरफ्तार करने के प्रयास कर रहे हैं। इस बीच संयुक्त राष्ट्र ने कहा है कि बुधवार को गाजा के मध्य में जिस स्कूल भवन पर इजरायली सेना ने हवाई हमला किया वहां पर 34 लोग मारे गए हैं, मारे गए लोगों में संयुक्त राष्ट्र के छह कर्मचारी भी शामिल हैं। ये कर्मचारी फलस्तीनी थे। जबकि इजरायली सेना ने कहा है कि स्कूल को हमास के लड़ाके ठिकाना बनाए हुए थे और वह इजरायली सेना पर हमले की तैयारी कर रहे थे तभी उन पर हमला किया गया।



नासा ने शेयर कीं ब्रह्मांड की अद्भुत तस्वीरें

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। स्पेस एजेंसी नासा अक्सर ब्रह्मांड की अद्भुत तस्वीरें दुनिया से शेयर करता है। नासा ने अपने सोशल मीडिया पेज पर यूनिवर्स में रेड स्पाइडर नेबुला की अद्भुत तस्वीरें शेयर की हैं। नासा ने जानकारी दी कि यह प्लेनेटरी नेबुला है, जिसे फॉर्मली एनजीसी 6537 के नाम से जाना जाता है, जो पृथ्वी से लगभग 3,000 लाइट ईयर दूर है। नासा ने तस्वीर के कैप्शन में लिखा है- प्लेनेटरी नेबुला की इस तस्वीर में गर्म गैस की नारंगी तरंगें, एक ब्लैक विडो स्पाइडर के घुमावदार पैरों के जैसा, एक गुलाबी चमकते कोर को घेरे हुए हैं। वहीं बैकग्राउंड को रौशनी के सफेद बिंदुओं के साथ देखा जा सकता है। नासा ने जानकारी दी है कि नेबुला सबसे गर्म सितारों में से एक का घर है। प्रेशर की वजह से इसके चारों ओर गैस चलती है और ये 100 अरब किमी ऊंची शॉकवेव्स बनाता है। इस तस्वीर पर कई यूजर्स ने दिलचस्प कमेंट्स किए हैं।

## ड्रैगन ने दिया धोखा तो विदेश में बढ़ी हिंदुस्तान की धाक

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

चीन की भारी किरकिरी के बीच भारत को बड़ा मौका मिल गया

बीजिंग। शी जिनपिंग के राज में चीन ने दुनिया में अपना दबदबा बढ़ाने के लिए वुल्फ वॉरियर डिप्लोमेसी को बढ़ावा दिया। इन वुल्फ वॉरियर ने बहुत ही आक्रामक तरीके से दुनिया में चीन का पक्ष रखना और विभिन्न देशों को धमकाना शुरू कर दिया। चीन के सबसे कुख्यात वुल्फ वॉरियर झाओ लिजिन ने मार्च 2020 में तो इस दावे को हवा दे दी कि कोरोना वायरस को वुहान में अमेरिकी सेना चीन में मिलिट्री वर्ल्ड गेम्स के दौरान अक्टूबर 2019 में लेकर आई थी।

चीन के इस वुल्फ वॉरियर कूटनीति की दुनियाभर में कड़ी आलोचना हुई। विशेषज्ञों के मुताबिक कोरोना काल में चीन की भारी किरकिरी के बीच भारत को बड़ा मौका मिल गया और उसने अपनी विदेश नीति में बड़ा बदलाव किया। भारत ने इसे वैश्विक मंचों पर अहम भूमिका निभाने के मौके के रूप में इस्तेमाल किया। इससे भारत की आर्थिक ताकत में बड़ा इजाफा हुआ।

अंतरराष्ट्रीय मामलों के विशेषज्ञ और गोरखपुर विश्वविद्यालय में सहायक प्रोफेसर महेंद्र सिंह का कहना है कि विदेश नीति का इस्तेमाल किसी भी देश के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण होता है जिसका प्रभावी इस्तेमाल आर्थिक विकास के लिए किया जाता है। डॉक्टर महेंद्र सिंह ने कहा, नीति निर्माता तेजी से विदेश नीति का इस्तेमाल आर्थिक विकास को बढ़ाने, मजबूत कार्यबल, सैन्य क्षमताओं और परमाणु ताकत के दर्जे को बढ़ाने के एक टूल के रूप में कर रहे हैं। भारत में इस नीति को वसुधैव कुटुंबकम की नीति के आधार पर बनाया गया है लेकिन यह पूरी तरह से देश के राष्ट्रीय हित को आगे बढ़ाने से जुड़ी हुई है।

डॉक्टर महेंद्र सिंह ने कहा, भारत की विदेश नीति में जो बड़ा बदलाव आया है, उसमें यह है कि अब वह वैश्विक मंच पर ज्यादा सक्रिय हो गई है। भारतीय नीति निर्माता अब निष्क्रिय विदेश नीति पर भरोसा नहीं कर रहे हैं। वे सक्रिय रूप से क्षेत्रीय और वैश्विक मंचों पर शामिल हो रहे हैं और भारत के राष्ट्रीय हितों को बढ़ावा दे रहे हैं।

### संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत की सीट का समर्थन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** न्यूयॉर्क। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार की भारत की ओर से लगातार की जा रही मांग पर अब अमेरिका का बयान आया है। अमेरिका ने सुरक्षा परिषद में सुधार के संबंध में नए प्रस्ताव पेश किए और भारत, जापान तथा जर्मनी को सुरक्षा परिषद में शामिल करने के 'दीर्घकालीन समर्थन' को दोहराया। ऐतिहासिक शिखर सम्मेलन और संयुक्त राष्ट्र महासभा के उच्च-स्तरीय कार्यक्रमों के लिए वैश्विक नेताओं के न्यूयॉर्क में इकट्ठा होने से कुछ ही दिन पहले, संयुक्त राष्ट्र में अमेरिकी राजदूत लिंडा थॉमस-ग्रीनफील्ड ने गुरुवार को कहा की कि अमेरिका अफ्रीकी देशों को सुरक्षा परिषद में अस्थायी सदस्यता देने के अलावा दो अफ्रीकी देशों को स्थायी सदस्य बनाने का भी समर्थन करता है। ब्राजील के लिए स्पष्ट रूप से समर्थन व्यक्त किया गया।

# Page Three Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# बद्रीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग कमेडा में यातायात के लिए हुआ सुचारू

**अभियान**

## अवरुद्ध मोटर मार्गो को सुचारू करने के लिए जिला प्रशासन रातदिन जुटा



**संवाददाता**

चमोली। जनपद में विगत 24 घंटे से लगातार बारिश जारी है। बारिश के कारण अवरूद्व मोटर मार्गो को सुचारू करने के लिए जिला प्रशासन रातदिन जुटा है। बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर कमेडा और नंदप्रयाग में लगातार भूस्खलन और पहाडी से पत्थर गिरने के कारण सड़क को सुचारू करने में व्यवधान हुआ है। हालांकि नंदप्रयाग में बाईपास से आवाजाही सुचारू है। जबकि कमेडा में मार्ग को सुचारू कर दिया गया है।

जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने कहा कि विगत रात्री को बद्रीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग कमेडा में बाधित होने के कारण वहां पर फसे 130 तीर्थयात्रियों के लिए जिला प्रशासन द्वारा रात्रिविश्राम और भोजन की व्यवस्था की गई। जोशीमठ–मलारी मोटर मार्ग पर लाता के पास दोनों तरह से सड़क बंद होने पर वहां पर भी रात्रि को 40 लोग फंस गए थे, जिन्हें एसडीआरएफ की मदद से सकुशल रेस्क्यू कर लिया गया है और मोटर मार्ग को छोटे वाहनों के लिए खोल दिया गया है।

बारिश के कारण जनपद में अभी 46 ग्रामीण मोटर मार्ग बाधित हुए है। वही थराली, कर्णप्रयाग और गैरसैंण में विद्युत आपूर्ति बाधित हुई है जिसको सुचारू करने के लिए यूपीसीएल काम कर रहा है। सुरक्षा के दृष्टिगत आज सभी विद्यालयों और आंगनबाड़ी केंद्रों में अवकाश घोषित किया गया है। सभी अधिकारियों को अलर्ट रहने और स्थानीय लोगों को नदी–नालों से दूर रहने के साथ मार्ग सुचारू होने पर यात्रा को टालने की सलाह दी गई है। ताकि कोई अप्रिय घटना न हो। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक स्तर पर एहतियात के तौर पर सुरक्षा हेतु जरूरी कदम उठाए जा रहे है।

## न्यूज डायरी :

### जन संवाद कार्यक्रम राजकीय अवकाश होने के कारण हुआ स्थगित

**संवाददाता** रुद्रप्रयाग। जिलाधिकारी सौरभ गहरवार की अध्यक्षता में आगामी सोमवार को विकास भवन सभागार में आयोजित होने वाला जन संवाद कार्यक्रम राजकीय अवकाश होने के कारण स्थगित कर दिया गया है। अगला जन संवाद कार्यक्रम 23 सितंबर को निर्धारित समय पर आयोजित किया जाएगा। उक्त आशय की जानकारी देते हुए प्रभारी अधिकारी जिला कार्यालय डीएस रौतेला ने अवगत कराया है कि प्रदेश में सुशासन के दृष्टिगत जन संवाद तथा जन समस्याओं के समाधान की व्यवस्था को सुदृढ़ किए जाने हेतु प्रत्येक सोमवार को विकास भवन सभागार में प्रातः 10 से 12 बजे तक जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। उन्होंने बताया कि आगामी सोमवार (16 सितंबर) को राजकीय अवकाश ईद–ए–मिलादधमिलाद–उन–नवी वारावफात होने के कारण जन संवाद कार्यक्रम स्थगित किया गया है। उन्होंने कहा कि अगले सोमवार (23 सितंबर) को निर्धारित समय व स्थान पर जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

### रोजाना के आहार में बादाम की महत्वपूर्ण भूमिका को समझें!

**संवाददाता** देहरादून। एक संतुलित और पौष्टिक आहार पूरे स्वास्थ्य के लिए बेहद जरूरी है। सही पोषण और खानपान की सेहतमंद आदतों के महत्व को समझने के लिए हम 1 से 30 सितंबर को राष्ट्रीय पोषण माह के रूप में मनाते हैं। पोषण संबंधी समस्याओं को सुनने, लोगों तथा कम्युनिटीज को जागरूक करने, सशक्त बनाने तथा खानपान के बेहतर विकल्पों को चुनने के लिए एक मंच प्रदान करता है। सही स्वास्थ्य पाने के लिए पौष्टिकता से भरपूर खाद्य पदार्थ जैसे बादाम, साबुत अनाज, सब्जियां, फल, फलियां और इस प्रकार की अन्य चीजों से युक्त संतुलित आहार लेना बेहद जरूरी है।

### ऑनलाइन फेस्टिव शॉपिंग के लिए भारतीय ग्राहक तैयार

**संवाददाता** देहरादून। भारत में हर साल की तरह इस बार भी त्योहारों की तैयारियां पूरे जोर पर हैं। त्योहारों की इस तैयारी के बीच अमेजन इंडिया ने इप्सोस रिसर्च प्राइवेट लिमिटेड द्वारा एक स्टडी करवाई है इस स्टडी से पता चलता है कि इस साल त्योहारों पर खरीदारी को लेकर ग्राहक काफी उत्साहित हैं। सर्वे में शामिल लोगों में से 89 प्रतिशत ने बताया कि वे आगामी त्योहारों के लिए कितने उत्साहित हैं। वहीं 71 प्रतिशत ने इस त्योहारी मौसम में ऑनलाइन खरीदारी करने का इरादा जताया है। सर्वे में कंज्यूमर कॉन्फिडेंस और खरीदारी की इच्छा में वृद्धि साफ देखने को मिली है।

# कैंट विधानसभा में राज्यसभा सांसद ने चलाया सदस्यता अभियान

**सांसद ने प्रधानमंत्री मोदी की नीतियों की सराहना की**

**संवाददाता** देहरादून कैंट विधानसभा शक्ति केंद्र वार्ड 31 एवं 43 पर भाजपा सदस्यता अभियान के तहत राज्यसभा सांसद कल्पना सैनी, विधायक सविता कपूर, सदस्यता अभियान संयोजक सचिन गुप्ता ने शक्ति केंद्रों पर सदस्यता अभियान चलाया सांसद कल्पना सैनी ने कहा कि देश का सम्मान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जनकल्याणकारी नीतियों, ईमानदारी से कठोर निर्णय लेना और हर वर्ग तक विकास पहुचें जैसे विषयों से बढ़ा है।

मौके पर मंडल अध्यक्ष अंजू बिष्ट, निवर्तमान पार्षद समिधा गुरुंग, रजनी देवी, सोनू कुमार, राहुल चौहान, सुरेन्द्र गेल, उदय सिंह पुंडरी, शेखर नौटियाल, रीता विशाल, अजय सिंह, पवन डबराल, देवकी नंदन कौशल आदि उपस्थित रहे।

भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश मंत्री कमली भट्ट के नेतृत्व में रायपुर विधानसभा के शिवपुरी कॉलोनी में प्राथमिक सदस्यता का नवीनीकरण कराने को अभियान चलाया गया। जिसमें दर्जनों लोगों की सदस्यता का नवीनीकरण किया गया। इस अवसर पर अनिरुद्ध भट्ट, आशा स्टीफन, आशा भंडारी, निकिता जोशी, अंजू पंत, आशा नौटियाल, आशा रावत उपस्थित रहे।



## डीएम संदीप तिवारी ने जिला अस्पताल का किया औचक निरीक्षण

**संवाददाता** चमोली। जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने शुक्रवार को जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। अस्पताल में भर्ती मरीजों से उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी लेते हुए जिलाधिकारी ने मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने और अस्पताल में जन औषधि केंद्र को जल्द से जल्द शुरू के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने ओपीडी, मेडिकल स्टोर, पैथोलॉजी और रेडियोलॉजी लैब, सीटी स्कैन कक्ष, आईसीयू, सर्जिकल वार्ड, आयुष्मान भारत काउंटर, स्पेशल न्यूबॉर्न केयर यूनिट, प्रसूति कक्ष, रिकार्ड रूम सहित अस्पताल के सभी वार्डों का निरीक्षण करते हुए वार्ड में भर्ती मरीजों से उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली। मरीजों ने अस्पताल से मिल रही स्वास्थ्य सुविधाओं पर संतुष्टि जाहिर की। जिलाधिकारी ने कहा कि मरीजों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए।

# ऊर्जा के तीनों निगमों से जुड़े उपनल कर्मचारियों ने नियमितीकरण को बनाया दबाव

**संवादादाता।**

■मांगों के पूरा न होने पर 25 सितंबर से चरणबद्ध आंदोलन का मैनेजमेंट को थमाया नोटिस

देहरादून। विद्युत संविदा एकता मंच ने उपनल कर्मचारियों को नियमित किए जाने, समान काम का समान वेतन देने की मांग को लेकर आंदोलन का ऐलान कर दिया है। ऊर्जा के तीनों निगमों के मैनेजमेंट को आंदोलन का नोटिस थमाते हुए जल्द मांगों को पूरा किए जाने को दबाव बनाया। 25 सितंबर से आंदोलन की चेतावनी दी। संयोजक विनोद कवि ने कहा कि उपनल संविदा कर्मचारियों को नियमित किए जाने, समान काम का समान वेतन समेत महंगाई भत्ते का जल्द भुगतान सुनिश्चित किया जाए। कहा कि तीनों निगमों से लेकर शासन स्तर पर भी मांगों की अनदेखी की जा रही है। 10 वर्ष की सेवा पूरी कर चुके कर्मचारियों की मांगों को जल्द पूरा किया जाए। औद्योगिक न्यायाधिकरण हल्द्वानी के 12 सितंबर 2017 को पारित आदेश को लागू किया जाए। निदेशक मंडल की बैठक में प्रस्ताव पास कराया जाए। संविदा कर्मचारियों को विनियमितिकरण नियमावली 2011 के तहत नियमित किया जाए।

कहा कि ऊर्जा के तीनों निगम एक औद्योगिक संस्थान हैं। यहां ''इण्डस्ट्रियल इम्प्लायमेन्ट स्टेण्डिग एक्ट'' लागू होता है। ऐसे में एक्ट के तय प्रावधानों के अनुरूप 240 दिन की सेवा पूरी करने वाले संविदा कर्मचारियों को नियमित किया जाए। नियमितिकरण की कार्यवाही पूरी होने तक समान काम का समान वेतन दिया जाए। नोटिस देने वालों में सह संयोजक नागेंद्र रौतेला, मनोज पंत, मंजू तिवारी, लाल सिंह गुसाईं, पंकज रावत मौजूद रहे।

विद्युत एकता मंच ने महंगाई भत्ता तत्काल बहाल किए जाने की मांग की। 11 जुलाई 2023 से ही महंगाई भत्ता बहाल हो। विशेष ऊर्जा भत्ते में शत प्रतिशत की वृद्धि की जाए। रात्रि पाली भत्ते में विभागीय कार्मिकों के समान बढ़ोत्तरी की जाए। वरिष्ठता के आधार पर वेतन वृद्धि की जाए। पांच वर्ष पर पांच हजार, 10 वर्ष पर 10 हजार और 15 वर्ष की सेवा पर 15 हजार वेतन वृद्धि की जाए। कर्मचारियों की सुरक्षा को शटडाउन एसओपी जारी हो।

## खाद्य पदार्थो पर जीएसटी कम करे केंद्र सरकार

**संवाददाता** देहरादून। कांग्रेस महानगर व्यापार प्रकोष्ठ ने खाद्य पदार्थों पर जीएसटी कम करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि जीएसटी कम होने से आम लोगों को महंगाई से कुछ राहत मिलेगी। डिस्पेंसरी रोड पर शुक्रवार को हुई बैठक में व्यापारियों ने कई सुझाव दिए। व्यापारियों ने केंद्र सरकार द्वारा खाद्य पदार्थों पर जीएसटी लगाए जाने का विरोध किया। उन्होंने कहा कि खाद्य पदार्थ पर जीएसटी लगने से महंगाई चरम पर पहुंच गई है। सामान बेचने और खरीदने वाले दोनों ही वर्गों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। प्रकोष्ठ के अध्यक्ष सुनील कुमार बांगा ने कहा कि केंद्र सरकार ने हेलीकॉप्टर में सफर करने वालों के लिए 18: जीएसटी को कम कर 05: कर दिया है, जबकि नमकीन पर 12: फीसदी जीएसटी लिया जा रहा है। मिडिल क्लास और गरीब तबके का व्यक्ति हेलीकॉप्टर में नहीं घूमता, लिहाजा खाद्यान्न पर जीएसटी कम होनी चाहिए।

*लड़ाई लड़ने वाला तो विजय प्राप्त करता है परंतु दूर से देखने वाला तो सिर्फ तालियां बजाता रह जाता है। -अज्ञात*



पेज थ्री
www.page3news.in

# हिरासत की जरूरत नही

**कोर्ट ने हालांकि अपने फैसले में केस के मेरिट पर कोई टिप्पणी नहीं की, लेकिन जांच एजेंसियों से यह पूछा कि वे मनमाने ढंग से किसी को आरोपी बनाने और किसी को गवाह बना देने का फैसला कैसे कर सकती हैं।**

अनुज श्रीवास्तव।।

दिल्ली एक्साइज पॉलिसी से जुड़े मामले में भारत राष्ट्र समिति की नेता और एमएलसी के. कविता को जमानत देने का सुप्रीम कोर्ट का फैसला जांच एजेंसियों के लिए एक जोरदार झटका है। इस हाईप्रोफाइल मामले में कई विपक्षी नेता गिरफ्तार हुए हैं। हालांकि कोर्ट से जमानत मिलना आरोपी के बेकसूर होने का सबूत नहीं माना जाता, लेकिन इस मामले में कई ऐसी बातें हैं जो जांच एजेंसी के रुख पर सवाल खड़े करती हैं।

पहली नजर में के. कविता को जमानत देने का यह फैसला दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की जमानत जैसा इसलिए भी लगता है क्योंकि दोनों मामलों में आधार एक ही है। ताजा मामले में कोर्ट ने पाया कि सीबीआई और ईडी की जांच पूरी हो चुकी है। 493 गवाह और 50 हजार दस्तावेज से जाहिर है कि इस मामले में ट्रायल जल्द नहीं पूरा होने वाला। ऐसे में अंडर ट्रायल कस्टडी को सजा में बदलने देना सुप्रीम कोर्ट ने सही नहीं माना।



सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में दिल्ली हाईकोर्ट द्वारा जमानत की अर्जी ठुकराए जाने के फैसले को न सिर्फ पलटा, बल्कि उसके नजरिए की आलोचना भी की। शीर्ष अदालत ने स्पष्ट किया कि जब प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्डरिंग एक्ट के तहत महिला, नाबालिग और बीमार के लिए जमानत की विशेष व्यवस्था की गई है तो फिर हाईकोर्ट का इस आधार पर जमानत देने से इनकार करना गलत है कि के. कविता शिक्षित महिला हैं। इस तरह से इस कानून में महिलाओं की एक उपश्रेणी बनाने की जानी अनजानी कोशिश उपयुक्त नहीं मानी गई।

सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले का सबसे अहम पहलू है जांच एजेंसियों के रुख की पड़ताल करते हुए उनकी निष्पक्षता की जरूरत को रेखांकित करना। कोर्ट ने हालांकि अपने फैसले में केस के मेरिट पर कोई टिप्पणी नहीं की, लेकिन जांच एजेंसियों से यह पूछा कि वे मनमाने ढंग से किसी को आरोपी बनाने और किसी को गवाह बना देने का फैसला कैसे कर सकती हैं। कोर्ट ने साफ कहा कि अभियोजन पक्ष को निष्पक्ष होना चाहिए।

पीएमएलए देश के कुछ बेहद सख्त कानूनों में है। इसके उपयोग में खास सावधानी की जरूरत है। इस कानून के तहत दर्ज मामलों में अगर जांच एजेंसियों का रवैया सवालों के घेरे में आता है तो यह गंभीर बात है। इससे न केवल इन एजेंसियों की विश्वसनीयता प्रभावित हो सकती है बल्कि एजेंसियों के दुरुपयोग के आरोपों को भी बल मिलता है। उम्मीद की जाए कि सुप्रीम कोर्ट की इन कड़ी टिप्पणियों से सबक लेते हुए सरकार आवश्यक कदम उठाने में विलंब नहीं करेगी।

## संकल्प

धर्म-दर्शन

**अशोक वोहरा।** आस पास के गाँव से, कई भक्त भोलाराम को देखने पहुंचे थे,लेकिन कोई उसके साथ यात्रा में जाने को तैयार नहीं था,क्योंकि सभी भोलाराम के संकल्प की कठिनाई को भली भाँति समझ रहे थे। भोलाराम धीरे धीरे कदम बढ़ाने लगता है। भोलाराम की कांवड़ का वजन,लगभग 70 किलो था जो कि,उसके शारीरिक वजन से 10 किलो अधिक था। भोलाराम कुछ ही दूर आया था कि,महाकाल उसकी परीक्षा लेना शुरू कर देते हैं। भोलाराम की कांवड़ से पानी टपकने लगता है। भोलाराम पानी की मटकियों को चेक करता है तो,उसे एक मटकी में छोटा सा छेद दिखाई देता है। भोलाराम मटकी का छेद बंद करने की बहुत कोशिश करता है,लेकिन उसके पास ऐसी कोई वस्तु नहीं होती,जिससे पानी की धार रोकी जा सकेद्यवह महाकाल का नाम लेकर,आगे बढ़ने लगता है। ....शेष कल

## संपादकीय

### कानून को नकारा

जॉनसन मामले ने अमेरिकी राजनीति में काफी बवाल मचाया था। 1989 में कांग्रेस ने फ्लैग प्रोटेक्शन एक्ट को अपनाया, जिसके मुताबिक अमेरिकी ध्वज को जलाना अपराध बना दिया गया। लेकिन, इससे कोई फर्क नहीं पड़ा। इसके बाद भी अमेरिकी ध्वज उल्टा फहराने और जलाने के जो मामले आए, उन्हें अदालत ने अभिव्यक्ति की आजादी ही करार दिया। ऑस्ट्रेलिया में ध्वज का अपमान खुद में गैरकानूनी नहीं है, लेकिन यह काम होना चाहिए कानून के दायरे में। एक घटना है, जब राजनीतिक विरोध प्रकट करने के लिए सार्वजनिक रूप से ऑस्ट्रेलियाई ध्वज को जलाया गया। झंडा बहुत बड़ा था और उसे जलाने में पेट्रोल का इस्तेमाल हुआ। अथॉरिटी ने माना कि बड़े झंडे और पेट्रोल की वजह से वहां मौजूद भीड़ को नुकसान पहुंच सकता था, तो मामला लापरवाही का बना। डेनमार्क में अपने ध्वज का अपमान कर सकते हैं, लेकिन दूसरे देशों का नहीं। वहां की सरकार का मानना है कि इससे विदेश रिश्ते खराब हो सकते हैं। इसी तरह, बेल्जियम और कनाडा के कानून भी नरम हैं।

ट्रंप की रिपब्लिक पार्टी प्रदर्शन के लिए नैशनल फ्लैग के इस्तेमाल का विरोध करती है। जब ट्रंप राष्ट्रपति बने, तो विरोध में कुछ अमेरिकियों ने उल्टे झंडे की तस्वीर ट्वीट की थी।

# ट्रंप समर्थकों ने भी लिया सहारा

शैलेंद्र पांडे।।

किसी भी देश का राष्ट्रीय ध्वज वहां की भावनाओं से जुड़ा होता है। वह प्रतीक होता है उस देश की अखंडता, संप्रभुता, स्वतंत्रता, संस्कृति और वहां के इतिहास का। भारत की ही बात करें तो तिरंगा बेहद पवित्र और सम्मान की चीज है। इसके लिए फ्लैग कोड बना है अलग से। लेकिन, कई देशों में राष्ट्रीय ध्वज को लेकर इतने नियम–कायदे नहीं। वहां नैशनल फ्लैग के अपमान को भी अभिव्यक्ति की आजादी का दर्जा हासिल है। इस मामले में सबसे आगे है अमेरिका, जहां विरोध जताने और गुस्से का इजहार करने के लिए झंडे को उल्टा फहराया जा सकता है, फाड़ा जा सकता है और यहां तक कि जलाया भी जा सकता है।

अमेरिका में हाल में झंडे को लेकर फिर बहस छिड़ी और वजह रहे सुप्रीम कोर्ट के जज सैमुअल अलीटो। उनके घर के बाहर की एक पुरानी तस्वीर इस साल मई में वायरल हुई। इसमें जज के घर पर अमेरिकी ध्वज उल्टा फहराया गया था। यह तस्वीर जनवरी 2021 की बताई जा रही है। दावा किया गया कि जज ने राष्ट्रपति चुनाव में जो बाइडन की जीत के विरोध में झंडा उल्टा किया था। इस घटना के चंद दिनों पहले ही डॉनल्ड ट्रंप के समर्थकों ने चुनाव परिणाम के खिलाफ यूएस कैपिटल



हिल पर हमला बोला था। हालांकि बाद में जज ने सफाई दी कि उनका विरोध बाइडन नहीं, पड़ोसी के खिलाफ था।

ट्रंप की रिपब्लिक पार्टी प्रदर्शन के लिए नैशनल फ्लैग के इस्तेमाल का विरोध करती है। जब ट्रंप राष्ट्रपति बने, तो विरोध में कुछ अमेरिकियों ने उल्टे झंडे की तस्वीर ट्वीट की थी। इससे खफा ट्रंप ने तब कहा था कि ध्वज का अपमान करने वालों की नागरिकता खत्म कर देनी चाहिए। संयोग देखिए कि जब अगले चुनाव में ट्रंप हारे, तो उनके समर्थकों ने भी विरोध जताने के लिए झंडे का ही सहारा लिया, उसे उल्टा पकड़ा और जलाया। समय–समय पर अमेरिकी सरकार ने झंडे से जुड़े कानून सख्त करने के प्रयास किए, लेकिन ऐसी हर एक कोशिश को आम लोगों ने विरोध के जरिये नाकाम कर दिया। अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने अपने कई फैसलों में कहा है कि झंडे को उल्टा करना और जलाना भी एक तरह की अभिव्यक्ति है। यह तरीका है बिना कुछ कहे किसी मुद्दे को लेकर अपनी राय जाहिर कर देना।

एक वक्त झंडे को उल्टा करने का मतलब होता था गंभीर संकट में फंसे होना। आमतौर पर समुद्री जहाज इस तरीके का इस्तेमाल करते थे। अमेरिका में जो पहले फ्लैग कोड बनाया गया था, उसमें भी कहा गया था कि गंभीर खतरे में फंसे होने पर झंडे को उल्टा किया जा सकता है। लेकिन, देखते ही देखते यह तरीका विरोध दर्ज कराने के लिए भी प्रयोग होने लगा। अगर आज अमेरिकी झंडे के साथ विरोध–प्रदर्शन किया जा सकता है, तो इसके पीछे तीन केस महत्वपूर्ण हैं। इन्हें तीन पड़ाव भी कह सकते हैं। यह विरोध प्रदर्शन टेक्सास में हुआ था और वहां के कानून के मुताबिक जॉनसन ने अपराध किया था। हालांकि यहां भी सुप्रीम कोर्ट ने यही कहा कि जॉनसन को अपनी राय जाहिर करने का अधिकार है, भले ही वह झंडे को जलाकर जाहिर की जाए।

### सुडोकु बवाल-5236

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2 | | | | 1 | | |
| | | | | 2 | 5 | 7 | 3 | |
| | 9 | 4 | | 6 | 7 | | | 2 |
| | 5 | | 4 | | 3 | | | 9 |
| | 8 | | | 9 | | | 7 | |
| 1 | | | 6 | | 8 | | 2 | |
| 6 | | | 7 | 4 | | 9 | 5 | |
| | 4 | 5 | 8 | 3 | | | | |
| | | 8 | | | | 6 | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सुडोकु बवाल -5235 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 1 | 6 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 |
| 8 | 2 | 3 | 4 | 5 | 9 | 1 | 7 | 6 |
| 4 | 5 | 7 | 1 | 6 | 8 | 3 | 9 | 2 |
| 5 | 6 | 8 | 7 | 1 | 2 | 9 | 3 | 4 |
| 1 | 7 | 4 | 9 | 8 | 3 | 2 | 6 | 5 |
| 2 | 3 | 9 | 5 | 4 | 6 | 8 | 1 | 7 |
| 7 | 4 | 1 | 8 | 9 | 5 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 8 | 5 | 6 | 2 | 1 | 7 | 4 | 9 |
| 6 | 9 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 | 1 |

## अपना ब्लॉग

### सम्बोलिक स्पीच पर सरकार दखल नहीं दे सकती

**मोहन।** पहला मामला है साल 1966 का। मिसिसिपी में नागरिक अधिकार कार्यकर्ता जेम्स मेरिडिथ की सड़क पर खुलेआम हत्या कर दी गई। इस पर सिडनी स्ट्रीट नाम के शख्स ने सार्वजनिक रूप से अमेरिकी ध्वज को जला दिया और कहा कि अगर हमारा देश जेम्स की सुरक्षा नहीं कर सकता, तो हमें झंडे की जरूरत नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि राष्ट्रीय ध्वज के बारे में अपमानजनक शब्द कहने के लिए सजा नहीं दी जा सकती। दूसरा मामला है 1974 का, जब अमेरिका में वियतनाम के प्रदर्शनकारियों की हत्या के विरोध में वॉशिंगटन में एक कॉलेज स्टूडेंट ने उल्टा झंडा फहरा दिया। तब भी अदालत ने कहा कि यह एक सिम्बोलिक स्पीच है और सरकार इसमें दखल नहीं दे सकती। साल 1984 में ग्रेगरी ली जॉनसन नाम के एक शख्स ने अमेरिकी राष्ट्रपति रोनाल्ड रीगन के विरोध में राष्ट्रीय ध्वज को जलाया और उसकी राख को जमीन में गाड़ दिया।






## खलनायक बन गए अली गोनी, राहुल वैद्य पर चलाया हंटर


भारती सिंह का शो लाफ्टर शेफ हर एपिसोड के साथ सबका फेवरेट होता जा रहा है। खाना बनाने के साथ–साथ हंसाने वाले इस शो में अंकिता लोखंडे–विक्की जैन से लेकर अली गोनी–राहुल वैद्य सहित कुल 6 जोड़ियां हैं। अब सेट पर अली गोनी खलनायक बनकर आएंगे और अपने ही पार्टनर राहुल वैद्य पर खूब हंटर चलाएंगे। इस अपकमिंग एपिसोड का प्रोमो सामने आया है, जिसे देख हंस–हंसकर आपके पेट में दर्द होने लगेगा। इस बार बिग बॉस 17 के विनर मुनव्वर फारूकी भी कॉमेडी का तड़का लगाएंगे। अंकिता लोखंडे–विक्की जैन, राहुल वैद्य–अली गोनी, निया शर्मा–सुदेश लहरी, कृष्णा अभिषेक–कश्मीरा शाह, जन्नत जुबैर–रीम शेख और करण कुंद्रा–अर्जुन बिजलानी हैं। जज और शेफ हरपाल सिंह इन्हें हर एपिसोड में अलग तरह की डिश बनाने के लिए कहते हैं। और इसे बनाते वक्त इतनी कॉमेडी होती है कि सबकी हंसी छूट जाती है। इस बार अली गोनी भी सबको खूब हंसाने वाले हैं। वो सेट पर बड़ी–बड़ी नकली मूंछे लगाकर आ जाते हैं और अपने पार्टनर तैनस टंपकलं पर हंटर चलाने लगते हैं। इस प्रोमो में राहुल वैद्य कहते हैं, मैं खाना अकेले बना लूंगा। इसके बाद अली हंटर लेकर आते हैं और राहुल को मारने लगते हैं।

## रकुल प्रीत सिंह को 4 दिन शूटिंग के बाद प्रभास की फिल्म से निकाल दिया बाहर

रकुल प्रीत सिंह उन पॉपुलर एक्ट्रेसेस में से हैं, जिन्होंने बॉलीवुड के साथ ही साउथ की फिल्मों में खूब नाम कमाया है। दिल्ली की इस हसीना ने 2009 में कन्नड़ फिल्म गिल्ली से एक्टिंग डेब्यू किया था। अब रकुल ने एक इंटरव्यू में कई चौंकाने वाले खुलासे किए हैं। एक्ट्रेस ने बताया कि उनकी पहली तेलुगू फिल्म वेंकटाद्री एक्सप्रेस की रिलीज से पहले उन्हें दो फिल्मों से रातों–रात रिप्लेस कर दिया गया था। खास बात ये है कि इनमें से एक में प्रभास थे। और तो और रकुल ने बताया कि महेंद्र सिंह धोनी की बायोपिक एमएम धोनी द अनटोल्ड स्टोरी में पहले उन्हें कास्ट किया गया था, लेकिन बाद में यह रोल दिशा पाटनी को दे दिया गया। रणवीर अल्लाहबादिया के पॉडकास्ट में रकुल ने अपने फिल्मी करियर पर खुलकर बात की। इस दौरान उन्होंने साउथ सिनेमा और बॉलीवुड में नेपोटिज्म का भी जिक्र किया।

## 31 साल की शहनाज या 47 की मल्लिका शेरावत! फैंस में बहसबाजी





तृप्ति डिमरी और राजकुमार राव ने एक टीजर क्लिप में समाचार वाचक बनकर घोषणा की कि उनकी फिल्म श्विक्की विद्या का वो वाला वीडियोश का ट्रेलर आज रिलीज होगा। उन्होंने एक–दूसरे का परिचय देने के लिए अपनी आखिरी ब्लॉकबस्टर हिट स्त्री 2 और एनिमल (2023) का भी जिक्र किया, जिससे फैंस हंस पड़े। इसने इस महापरिवारिक फिल्म से भी उम्मीदें बढ़ा दी हैं। हालांकि, तृप्ति और राजकुमार से भी ज्यादा अगर किसी की चर्चा हो रही है तो वो हैं शहनाज गिल। 3 मिनट 32 सेकंड लंबा ट्रेलर 1997 में शुरू होता है जब विक्की अपनी दुल्हन विद्या को अपनी शादी की रात रिकॉर्ड करने के लिए मनाता है। वर्षों बाद, वे अपनी शादी में जादू बरकरार रखने के लिए इसे करते हैं। सीडी प्लेयर सहित सीडी चोरी हो जाती है। इस तरह दोनों के साथ–साथ उनके परिवार और इसमें शामिल पुलिस वालों के लिए एक रोलर–कोस्टर सवारी शुरू होती है। हालांकि, एक और बात जिस पर हमें ध्यान देने की जरूरत है वह है मल्लिका शेरावत और विजय राज की प्रेम कहानी। साथ ही शहनाज गिल का सबसे हटकर अंदाज। शहनाज भी थोड़ी देर के लिए फिल्म में दिखाई देती हैं और उनकी छोटी सी झलक ही लोगों को दीवाना बना रही है। इसने इंटरनेट को हिलाकर रख दिया, शहनाज गिल की एक झलक ने हर किसी को घायल कर दिया है। बिग बॉस 13 स्टार एक साटन नीले ब्लाउज और स्कर्ट में बेहद खूबसूरत लग रही हैं, जो एक गाने में दिखाई दी हैं, जिसमें वह अपने चश्मे को भी दिखा रही हैं।

# लालबागचा राजा के दर्शन को पहुंचीं अंकिता लोखंडे

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

*अंकिता लोखंडे सोशल मीडिया पर सबसे फेमस हस्तियों में से एक हैं। उनके वीडियोज और फोटोज जमकर वायरल होते हैं। हाल ही में अंकिता ने बिग बॉस के कंटेस्टेंट्स के साथ गणपति पूजा की और इसकी फोटोज इंटरनेट पर खूब वायरल हो रही हैं। लेकिन इसके बाद ही, अंकिता लालबागचा राजा के दर्शन करने के लिए भी गईं जहां का वीडियो झट से वायरल हो गया। हालांकि, अंकिता थोड़ी देर के लिए वहां रुक गईं और गणेश भगवान के पैर दबाने लगीं। यही बात लोगों को खटक गई और इसके लिए उन्होंने अंकिता की फटकार भी लगाई।*

**भीड़ देख भड़के लोग**


अंकिता लोखंडे ने लालबागचा राजा के दर्शन अपने परिवार के साथ तो किए लेकिन दर्शन के दौरान, रुककर गणपति भगवान के पैर दबाने लगीं। भले ही वो ये काम श्रद्धा और भक्ति के साथ कर रही थीं लेकिन उनकी वजह से पीछे खड़े लोगों को भीड़ का सामना करना पड़ा और उन्होंने कहा कि आम लोगों को ऐसे सेलेब्स की वजह से परेशानी झेलनी पड़ती है।

**लालबागचा राजा के दर्शन को पहुंचीं अंकिता लोखंडे**

इससे पहले, एक्ट्रेस ने गणेश चतुर्थी समारोह के लिए अपने बिग बॉस के दोस्तों को अपने घर पर आमंत्रित किया। उनके रीयूनियन की कई तस्वीरों और वीडियो में से एक दिल जीत रही है। इसमें अंकिता को अभिषेक को दिल से आशीर्वाद देते हुए दिखाया गया है।







**अभिषेक को अंकिता ने दिया आशीर्वाद**

दोनों ने एक–दूसरे के प्रति सम्मान दिखाया और अभिषेक ने अंकिता के पैर भी छुए। चमकीले लाल रंग की साड़ी में लिपटी अंकिता बेहद खूबसूरत लग रही हैं और अभिषेक इस मौके पर काले रंग का एथनिक सेट पहनकर शामिल हुए।

**बिग बहस 17 कंटेस्टेंट्स का रीयूनियन**

फोटोज में अंकिता को अभिषेक, आयशा खान, खानजादी और समर्थ जुरेल के साथ पोज देते हुए दिखाया गया है। सभी अपने पारंपरिक कपड़े पहने हुए हैं। तस्वीरों में से एक में अंकिता की मां भी एक प्यारी क्लिक के लिए उनके साथ शामिल थीं। हमें फ्रेम में विक्की जैन की कमी खली। अंकिता के पति विक्की ने भी बिग बॉस 17 में हिस्सा लिया था।

**लाफ्टर शेफ्स में अंकिता लोखंडे**

अंकिता इन दिनों कलर्स टीवी के शो लाफ्टर शेफ्स में नजर आ रही हैं। दूसरी ओर, अभिषेक कुमार श्खतरों के खिलाड़ी 14श में फँस का दिल जीत रहे हैं।

# रणदीप हुड्डा और राहुल मित्रा को मिला पर्यावरण योद्धा पुरस्कार

*बॉलीवुड के मशहूर एक्टर रणदीप हुड्डा और जाने–माने फिल्म प्रड्यूसर राहुल मित्रा को दिल्ली में आयोजित एक समारोह में पर्यावरण योद्धा पुरस्कार से सम्मानित किया गया। भारतीय वन सेवा के जवानों को समर्पित यह पुरस्कार समारोह पहली बार आयोजित किया गया और इनका मकसद पर्यावरण संरक्षण को लेकर असाधारण काम करने वालों को सम्मानित करना था।*



भारतीय वन सेवा अधिकारियों के लिए पहला अवॉर्ड शो, पर्यावरण योद्धा पुरस्कार 2023, राजधानी में आयोजित किया गया, जिसमें पर्यावरण संरक्षण और स्थायी प्रथाओं में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले असाधारण व्यक्तियों और पहलों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर पर्यावरण नेता, वरिष्ठ वन अधिकारी, छात्र और सरकारी अधिकारी बड़ी संख्या में पहुंचे। प्रसिद्ध पत्रकार भूपेंद्र चौबे ने इस कार्यक्रम की मेजबानी की और रणदीप हुड्डा और राहुल मित्रा ने अपने संबोधन में उपस्थित लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक रहने और प्रकृति से प्यार करने के लिए प्रेरित किया।

**इन जानवरों को सड़क से उठाकर अपने परिवार का हिस्सा बनाया**

दोनों ही सितारे प्रकृति प्रेमी, वन्यजीवन का समर्थन करन वाले और कुत्तों के प्रेमी हैं, वे दोनों अपने–अपने पालतू कुत्तों के साथ आए और उन्होंने बताया कि कैसे उन्होंने इन जानवरों को सड़क से उठाकर अपने परिवार का हिस्सा बनाया है। उन्होंने स्ट्रीट डॉग कैंडी और बटरस्कॉच को गोद लिया, जो अब उनके संबंधित परिवारों का हिस्सा हैं।

**प्रकृति से बेहद प्यार हैं इन्हें**

साहेब बीबी और गैंगस्टर, मैं और चार्ल्स और इंस्पेक्टर अविनाश जैसी फिल्मों में साथ काम कर चुके रणदीप और राहुल असल जिंदगी में भी आपस में अच्छे दोस्त हैं। दोनों एक्टर उन लोगों में से हैं जिन्हें प्रकृति से बेहद प्यार है और इन्हें जंगली जानवरों की सुरक्षा के लिए काम करना भी काफी अच्छा लगता है।

**पर्यावरण योद्धा पुरस्कारों का मकसद क्या**

इस अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन करने वाले आयोजकों ने कहा कि पर्यावरण योद्धा पुरस्कारों का मकसद लोगों को पर्यावरण संरक्षण के लिए जागरूक करना और प्रेरित करना है।

# आपके सामने किसी को आ जाए हार्ट अटैक तो ऐसे करें मदद

*यदि आपके सामने किसी को हार्ट अटैक आ रहा हो तो उस व्यक्ति को आप कुछ ऐसी दवाइयां दे सकते हैं जिससे उसे तुरंत राहत मिल सकती है और आप उसे अस्पताल ले जा सकते हैं।*



**हार्ट अटैक आने वाला है कैसे जानें**

डॉक्टर बिमल का कहना है कि हार्ट की सबसे बड़ी समस्या यह है कि 80 प्रतिशत तक ब्लॉकेज होने पर भी व्यक्ति को पता नहीं चलता है। यदि किसी व्यक्ति को सीने में दर्द की समस्या होती है, सांस अधिक फूलती है या गले में चोकिंग की समस्या होती है तो उसे समझ लेना चाहिए कि वह दिल की बीमारी के चपेट में आ चुका है। यानी उसके हार्ट में ब्लॉकेज 80ः तक हो चुका है।

**ऐसे लक्षण दिखने पर डॉक्टर से करे संपर्क**

हार्ट से जुड़ी बीमारी होने पर शरीर में कई तरह के लक्षण देखने लगते हैं जिन्हें ज्यादातर लोग इग्नोर कर देते हैं। यदि इन लक्षणों को पहचानकर सही समय पर डॉक्टर से संपर्क किया जाए तो हार्ट अटैक से बचाव हो सकता है। यदि आपको सीने में दर्द, सांस लेने में कठिनाई, उल्टी मतली, हर वक्त कमजोरी महसूस होना या ज्यादा पसीना आना आदि जैसी समस्याएं हो रही है तो इन्हें नजरअंदाज ना करें और अपने हेल्थ एक्सपर्ट से सलाह लें।

**हार्ट अटैक आने पर करें ये काम**

डॉ विमल ने यह भी बताया कि हमें अपने फर्स्ट एड बॉक्स में डॉक्टर की सलाह से कुछ ऐसी दवाइयां रखनी चाहिए जो हार्ट अटैक के समय पर दी जा सकती है। यह दवाइयां क्लॉट को डिसॉल्व करने का कम करती है। ऐसे में व्यक्ति को तुरंत राहत मिल सकती है और अस्पताल जाने तक का समय भी मिल सकता है।

**दिल के रोगों से बचने के लिए बदलें ये आदतें**

अपनी लाइफस्टाइल में सुधार करके हम हार्ट डिजीज से बच सकते हैं। मोटापा, डायबीटीज, हाई ब्लड प्रेशर, हाई कोलेस्ट्रॉल लेवल आदि के कारण भी दिल से जुड़ी बीमारियां हो सकती है। ऐसे में हमें अपने खान पान का विशेष ध्यान रखना चाहिए क्योंकि गलत खाने पीने की चीजों से हमारे शरीर में बैड कोलेस्ट्रॉल का स्तर बढ़ता है।

**कब पड़ता है दिल का दौरा?**

हार्ट में ब्लड फ्लो गंभीर रूप से कम होने पर या अवरुद्ध होने पर दिल का दौरा पड़ता है। ऐसी स्थिति तब होती है जब हृदय(कोरोनरी) धमनियों में फैट, कोलेस्ट्रॉल या दूसरे पदार्थ इकट्ठा हो जाते हैं। कई शोधकर्ताओं ने इस बात की पुष्टि की है कि दिल से जुड़ी बीमारियां होने पर संकेत कई साल पहले से मिलने लगते हैं। यही वजह है कि इसे साइलेंट किलर भी कहा जाता है।




## सेहत की बैंड बजा देंगे खाने के बाद ये काम, आप तो नहीं कर रहे ये गलतियां

भोजन करने के कई नियम होते हैं जैसे खाने से पहले हाथों को अच्छी तरह से धोना, भोजन को ठीक तरह से चबाकर खाना, खाते समय जल्दबाजी या बात नहीं करना आदि। यह सारे नियम तो खाने से पहले या खाते समय फॉलो करने चाहिए, लेकिन क्या आप जानते हैं कि भोजन के बाद भी हमें कुछ बातों का विशेष ध्यान रखना चाहिए नहीं तो हमारी सेहत पर बुरा असर पड़ सकता है। अक्सर खाने के बाद हम कुछ ऐसी गलतियां कर बैठते हैं जिनके कई तरह के नुकसान होते हैं। ऐसे में इस तरह की गलतियों से हमें हमेशा बचना चाहिए क्योंकि इससे हमारी पाचन क्रिया प्रभावित होती है और अन्य शारीरिक कष्ट भी हो सकते हैं। खाने के तुरंत बाद सोने से हमेशा बचना चाहिए क्योंकि इससे खाना ठीक से डाइजेस्ट नहीं होता है। इससे बॉडी में फैट जमने लगता है और मोटापे का खतरा बढ़ जाता है। भोजन सही तरीके से डाइजेस्ट हो जाए इसके लिए यह जरूरी है कि हम खाने के बाद कुछ समय के लिए वॉक जरूर करें। यदि भोजन के बाद आपको तुरंत नहाने की आदत है तो आपकी यह आदत आप पर भारी पड़ सकती है। हेल्थ एक्सपर्ट्स के अनुसार खाने को पचाने के लिए पेट को उचित मात्रा में ब्लड सर्कुलेशन और एनर्जी की जरूरत होती है। अगर आप खाने के बाद नहाते हैं तो रक्त संचार त्वचा की ओर जाता है और टेंप्रेचर को कंट्रोल करता है। इससे खाना डाइजेस्ट होने में अधिक समय लगता है।

## बीमारी का कोई इलाज नहीं, फिर भी जानबूझकर मजे से खा रहे लोग

आप जो खाते हैं उसका आपके स्वास्थ्य पर बहुत गहरा प्रभाव पड़ता है। खराब खानपान की आदतों से डायबिटीज जैसी गंभीर बीमारी हो सकती है। कुछ खाद्य पदार्थ ऐसे होते हैं जिनका अधिक सेवन करने से ब्लड शुगर लेवल बढ़ सकता है, इंसुलिन रेसिस्टेंट की समस्या हो सकती है और टाइप 2 डायबिटीज का खतरा बढ़ सकता है। डायबिटीज एक गंभीर समस्या है जिसका कोई स्थायी इलाज नहीं है, इसे सिर्फ बेहतर डाइट और एक्सरसाइज के जरिए कंट्रोल रखा जा सकता है। आप रोजाना जिन खाद्य पदार्थों का सेवन करते हैं, उनसे डायबिटीज होने का खतरा होता है। क्मजव•चतप की फाउंडर एंड होलिस्टिक न्यूट्रिशनिस्ट प्रियांशी भटनागर आपको ऐसी ही कुछ चीजों के बारे में बता रही हैं। सोडा, मीठे जूस और एनर्जी ड्रिंक्स में रिफाइंड शुगर की मात्रा बहुत ज़्यादा होती है जिससे ब्लड ग्लूकोज तेजी से बढ़ता है। इनका नियमित सेवन करने से इंसुलिन रेजिस्टेंस और वजन बढ़ने जैसी समस्याएं हो सकती हैं जो डायबिटीज के खतरे को बढ़ाती हैं।

## आंखों का जाला, सूखापन, जलन–चुभन के लिए आयुर्वेदिक नुस्खे



शरीर जब भी कुछ पचाता है तो उसके साथ नुकसानदायक कंपाउंड निकलते हैं। इन्हें टॉक्सिन कहा जाता है और यह बीमारी कर सकते हैं। जब इनकी मात्रा बहुत ज्यादा बढ़ जाती है तो यह ऑर्गन फेल का कारण भी बन सकते हैं। इनका असर किसी जहर की तरह होता है इसलिए विषाक्त पदार्थ भी कहा जाता है। जंक फूड पचने से बहुत ज्यादा टॉक्सिन निकलते हैं, लेकिन आपको जानकर हैरानी होगी कि घर का बना खाना भी टॉक्सिन बनाता है। किडनी और लिवर इसे खून से बाहर निकाल देते हैं। सुस्त जीवनशैली और खराब खाने की वजह से यह पूरी तरह निकल नहीं पाते हैं। सबसे पहले यह खून में बढ़ने शुरू होते हैं। शीशम का इस्तेमाल करके आप इन टॉक्सिन को बाहर निकाल सकते हैं। इस पेड़ में कई सारे औषधीय गुण होते हैं। शीशम के पत्तों से लेकर छाल तक कई सारी बीमारियों को दूर कर सकती है। इस पेड़ की लकड़ी का इस्तेमाल मजबूत फर्नीचर बनाने के लिए भी किया जाता है। आयुष मंत्रालय के मुताबिक, शीशम की छाल का 500 ग्राम चूरा 1.5 किलो पानी में 8 घंटे भिगोएं और फिर उबालें। जब पानी आधा रह जाए तो छानकर बूरा मिला लें। 40 दिन इसे सिरप की तरह पीने से खून साफ हो जाएगा। इस उपाय से खून के गंदे पदार्थ बाहर निकल जाएंगे।

# बादाम से कम नहीं ये चीज, दूध के साथ खाएं, मिलेगा हट्टा–कट्टा बदन

*मोटा होने के लिए क्या खाना चाहिए, मोटा होने के लिए क्या करें, वजन बढ़ाने के लिए क्या खाएं, वजन बढ़ाने का तरीका, हड्डियों को मजबूत बनाने के लिए क्या खाएं, हड्डियों में जान कैसे आएगी? यह ऐसे सवाल हैं, जिनका जवाब बहुत से लोग जानना चाहते हैं। जाहिर है ऐसे बहुत से लोग हैं जो शरीर के दुर्बल और कमजोर हैं और वजन बढ़ाना चाहते हैं। वजन कम होना भी एक गंभीर समस्या है, लोग आपका मजाक तो बनाते ही हैं, साथ ही आपको एनीमिया, कमजोरी, बालों का झड़ना और त्वचा संबंधी समस्याएं हो सकती हैं। वजन कम होने से मांसपेशियां भी कमजोर हो जाती हैं इससे चोट लगने का खतरा बढ़ जाता है और आप हमेशा थकान और कमजोरी महसूस कर सकते हैं।*

**वजन बढ़ाने के लिए क्या करें?**

न्यूट्रिशनिस्ट और डाइटीशियन शिखा अग्रवाल शर्मा के अनुसार, वजन और ताकत बढ़ाने के लिए दूध और मखाने का सेवन कर सकते हैं। यह दोनों ही पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं, जो स्वस्थ तरीके से वजन बढ़ाने में मदद कर सकते हैं।

**दूध विटामिन और मिनरल्स का पावरहाउस**

दूध कैल्शियम, विटामिन डी, बी12, और पोटैशियम जैसे आवश्यक पोषक तत्वों से भरपूर होता है, जो हड्डियों और समग्र स्वास्थ्य को मजबूत रखते हैं। दूध में मौजूद फैट्स वजन बढ़ाने में सहायक होते हैं, खासकर यदि आप फुल–क्रीम दूध का सेवन करते हैं।

**दूध प्रोटीन का भंडार**





एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

दूध में अधिक मात्रा में प्रोटीन होता है, जो मांसपेशियों को बढ़ाने और वजन बढ़ाने में मदद करता है। मांसपेशियों बढ़ाने से वजन स्वस्थ तरीके से बढ़ता है। दूध में पर्याप्त कैलोरी होती हैं, जो शरीर को अधिक ऊर्जा देती है और वजन बढ़ाने में सहायक होती हैं।

**दूध और मखाने से कैसे बढ़ता है वजन**

प्रोटीन और कार्ब्स का सही मिश्रणरू दूध और मखाने में मौजूद प्रोटीन और कार्बोहाइड्रेट का मिश्रण शरीर को आवश्यक पोषण देता है, जिससे वजन बढ़ाने की प्रक्रिया तेज हो जाती है। दूध और मखाने का सेवन करने से कैलोरी की मात्रा बढ़ती है, जिससे वजन बढ़ाने में मदद मिलती है। यह कॉम्बिनेशन शरीर में ऊर्जा और शक्ति बढ़ाता है, जिससे व्यक्ति अधिक एक्टिव महसूस करता है और मांसपेशियों का विकास होता है।

**मखाने में लो फैट और हाई कार्ब्स**

मखाने में कम फैट और अच्छी मात्रा में कार्बोहाइड्रेट होते हैं, जो शरीर को ऊर्जा प्रदान करते हैं और वजन बढ़ाने में मदद करते हैं। इसके अलावा मखाने में प्रोटीन भी अच्छी मात्रा में होता है, जो मांसपेशियों की मजबूती और वजन बढ़ाने में सहायक है। मखाने में फाइबर भी होता है, जो पाचन तंत्र को स्वस्थ रखता है और भूख को नियंत्रित करता है, जिससे स्वस्थ तरीके से वजन बढ़ाने में मदद मिलती है।

**कैसे करें सेवन**

मखाना और दूध का पाउडररू आप मखानों को भूनकर और पीसकर उनका पाउडर बना सकते हैं। इस पाउडर को दूध में मिलाकर पिएं, यह वजन बढ़ाने का एक स्वादिष्ट तरीका हो सकता है। दूध और मखाने की खीररू मखानों को दूध में पकाकर खीर बना सकते हैं। इसमें आप शहद या गुड़ डालकर मिठास बढ़ा सकते हैं। दूध के साथ मखाने का स्नैकरू मखानों को भूनकर स्नैक के रूप में खा सकते हैं और इसके साथ एक गिलास दूध का सेवन कर सकते हैं।

**कब और कितनी मात्रा में करें सेवन**

आप दूध और मखाने का सेवन सुबह के नाश्ते या रात के खाने के बाद कर सकते हैं। दिन में 1–2 बार इस मिश्रण का सेवन करना वजन बढ़ाने के लिए पर्याप्त होता है।




जमकर ट्रोल हो रहे अय्यर

बल्ले से श्रेयस अय्यर की विफलता के साथ–साथ उनका धूप का चश्मा भी सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बन गया। आमतौर पर फील्डर या कभी–कभी स्लो गेंदबाज सनग्लास लगातर बोलिंग करते हैं, लेकिन किसी बैटर का हेलमेट के भीतर काले चश्मे पहनकर बल्लेबाजी करना विरले ही देखने को मिलता है। मैदान पर उतरते ही हर कोई अय्यर की स्टाइल की बात कर करने लगा था, लेकिन सात गेंद में बिना खाता खोले आउट हो जाने के बाद ट्रोल उन्हें बख्शने के मूड में नहीं हैं।

# काला चश्मा पहनकर बैटिंग करने उतरे श्रेयस अय्यर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय बल्लेबाज श्रेयस अय्यर खराब दौर से गुजर रहे हैं। नेशनल टीम से लगातार अंदर–बाहर हो रहे हैं। ऐसा एक भी फॉर्मेट नहीं है, जिसमें अय्यर की जगह प्लेइंग इलेवन में फिक्स हो। भारत की टेस्ट टीम में वापसी की चाहत रखने वाले अय्यर को उम्मीद है कि वह मौजूदा दलीप ट्रॉफी में बेहतर प्रदर्शन करके चयनकर्ताओं को ध्यान खींचेंग, लेकिन इंडिया डी की कप्तानी कर रहा यह मध्यक्रम का बल्लेबाज पहली पारी में सात गेंदों में शून्य पर आउट हो गया। अय्यर के आउट होने से ज्यादा उनके काले चश्मे की चर्चा हो रही है, जिसे पहनकर वह बल्लेबाजी करने उतरे थे। शॉर्ट बॉल के खिलाफ श्रेयस अय्यर की कमजोरी जगजाहिर है, लेकिन इस बार उनके आउट होने का तरीका थोड़ा अलग था। बाएं हाथ के अनुभवी तेज गेंदबाद खलील अहमद ने अय्यर को आउट करने के लिए जाल बिछाया था। शुरुआती दो गेंद बैक ऑफ लैंथ फेंकी, जिसे अय्यर ने बैकफुट पर खेला। तीसरी गेंद शॉर्ट डाली। चौथी गेंद बैक ऑफ लैंथ थी। पांचवीं गेंद शॉर्ट लैंथ थी। छठी गेंद बैक ऑफ लैंथ थी। इस तरह अय्यर को कन्फ्यूज रखा। सातवीं गेंद फुल लैंथ की थी, जिसे बैकफुट से ड्राइव करने के चक्कर में वह मिड ऑन पर कैच पकड़ लिए गए।

## न्यूज डायरी



### संजू सैमसन का टेस्ट खेलने का सपना कहीं रह न जाए अधूरा!

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन के लिए प्रथम श्रेणी क्रिकेट में वापसी अच्छी नहीं रही। दलीप ट्रॉफी में भारत ए के खिलाफ भारत–डी के लिए खेलते हुए वह सिर्फ पांच रन ही बना पाए। घरेलू क्रिकेट में भी उनका लक उनके साथ नहीं दिखा। इंडिया–ए पहले बल्लेबाजी करते हुए 290 रन बनाए। इसके जवाब में उतरी इंडिया–डी की पारी लड़खड़ा गई। दूसरे दिन सलामी बल्लेबाज यश दुबे के आउट होने के बाद बल्लेबाजी करने उतरे सैमसन से काफी उम्मीदें थीं। उन्होंने तेज गेंदबाज आकिब खान की शॉर्ट गेंद पर चौका लगाकर अपना खाता खोला कर अपने इरादे जाहिर किए। हालांकि, 6 गेंद का सामना करने के बाद ही वह आकिब खान का ही शिकार बने। आकिब की गेंद पर संजू सैमसन ने पुल शॉट खेलने की कोशिश की, लेकिन गेंद बल्लेबाज पर सही से आई नहीं और मिड–ऑन पर प्रसिद्ध कृष्णा ने आसान सा कैच लपका। सैमसन को पहले दलीप ट्रॉफी की चार टीमों में से किसी में भी नहीं चुना गया था, लेकिन कमर की चोट के कारण ईशान किशन के पहले दौर से बाहर होने के बाद केरल के इस क्रिकेटर को इंडिया डी टीम में शामिल किया गया। हालांकि, उन्हें प्लेइंग इलेवन में जगह नहीं मिली और केएस भरत को प्राथमिकता दी गई थी।

### मिशन बांग्लादेश शुरू, भारत का पहला प्रैक्टिस सेशन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** चेन्नई। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा और चैम्पियन बल्लेबाज विराट कोहली बांग्लादेश के खिलाफ 19 सितंबर से शुरू हो रहे पहले टेस्ट के लिए पहुंच चुके हैं। पीली जर्सी पहने रोहित सुरक्षाकर्मियों के घेरे में हवाई अड्डे से बाहर निकले जबकि विराट लंदन से सीधे तड़के पहुंचे हैं। तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह, बल्लेबाज केएल राहुल, विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत गुरुवार को ही यहां पहुंच गए थे। भारतीय टीम ने टेस्ट सीरीज के लिए अभ्यास शुरू कर दिया है। कप्तान रोहित शर्मा, चैंपियन बल्लेबाज विराट कोहली समेत पूरी टीम यहां एमए चिदंबरम स्टेडियम पर एकत्र हुई। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो विराट कोहली ने 45 मिनट से ज्यादा देर तक बल्लेबाजी की। बुमराह ने भी पूरी ताकत से गेंदें डाली। नए गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल और सहायक कोच अभिषेक नायर भी मौजूद थे। बीसीसीआई ने पहले दिन के अभ्यास की तस्वीरें साझा करके लिखा, श्उलटी गिनती शुरू। टीम इंडिया ने रोमांचक घरेलू सत्र के लिये तैयारी शुरू कर दी।श तस्वीरों में दिखाया गया है कि पूरी टीम गंभीर, सहयोगी स्टाफ और कप्तान रोहित की बात ध्यान से सुन रही है। बांग्लादेश ने हाल ही में पाकिस्तान को टेस्ट श्रृंखला में 2–0 से हराया है। यह श्रृंखला विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप चक्र का हिस्सा है। भारत को इसके बाद न्यूजीलैंड से तीन टेस्ट मैचों की श्रृंखला और ऑस्ट्रेलिया में पांच मैचों की बॉर्डर गावस्कर श्रृंखला खेलनी है। भारत डब्ल्यूटीसी में 68.52 प्रतिशत अंक लेकर टॉप पर है जबकि ऑस्ट्रेलिया 62.52 प्रतिशत अंक के साथ दूसरे स्थान पर है।

### ऋतुराज गायकवाड़ और संजू सैमसन में कौन है ज्यादा बदकिस्मत?

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। ऋतुराज गायकवाड़ और संजू सैमसन में कौन ज्यादा बदकिस्मत है, के सवाल पर पीयूष चावला ने जवाब दिया। चावला ने कहा कि दोनों दोस्त हैं। पीयूष चावला ने आगे कहा कि ये मुश्किल सवाल है। मैं उन्हें बदकिस्मत नहीं कहूंगा। भारत में कई खिलाड़ी ऐसे भी हैं जो बेहतरीन काबिलियत रखते हुए भी टीम का हिस्सा नहीं बन पाते हैं। इन्हीं में से ऋतुराज गायकवाड़ और संजू सैमसन शामिल हैं। दोनों ही बल्लेबाजों के बाद गजब का टैलेंट हैं और कई बार इसे साबित भी किया है लेकिन इसके बावजूद इन दोनों को भारतीय टीम में कम ही जगह मिलती है। हाल ही में ऋतुराज गायकवाड़ को महाराष्ट्रीयन संजू सैमसन कहा गया। वहीं, शुभांकर मिश्रा के पॉडकास्ट में पीयूष चावला से सवाल पूछा गया कि दोनों में से कौन ज्यादा बदकिस्मत है तो इस पर चावला ने अहम प्रतिक्रिया दी। पीयूष चावला ने कहा, देखिए ये सब तो चलता ही रहेगा, लेकिन आप ये देखिए उन्हें जब–जब मौका मिलता है तो वो आकर कुछ अलग ही करते हैं। दोनों दोस्त हैं ये थोड़ा मुश्किल सवाल है। मैं उन्हें बदकिस्मत नहीं कहूंगा, क्योंकि टीम का कॉम्बिनेशन होता है तो उसमें ऐसा हो जाता है।

# रोहित सेना ने बजा दी है रणभेरी, गंभीर के साथ चेन्नई में लगाया डेरा

## 19 सितंबर से शुरू होगा दो टेस्ट मैचों की सीरीज

**क्रिकेट**

मोर्ने मोर्कल करेंगे टीम इंडिया के लिए डेब्यू

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

कप्तान रोहित शर्मा और कोच गौतम गंभीर के नेतृत्व में भारतीय क्रिकेट टीम 13 सितंबर को चेन्नई पहुंच चुकी है। चेन्नई में टीम इंडिया को बांग्लादेश के खिलाफ पहला टेस्ट मैच खेलना है। दोनों टीमों के बीच यह मुकाबला 19 सितंबर से खेला जाएगा। टीम इंडिया के कई मुख्य खिलाड़ी लंबे समय बाद मैदान पर उतरेंगे। विराट कोहली भी लंदन से वापस भारत आ चुके हैं। इसके अलावा बॉलिंग कोच मोर्ने मोर्कल भी टीम मीटिंग में दिखाई दिए। ऐसे में टीम इंडिया की टेस्ट सीरीज के लिए तैयारी अब शुरू हो चुकी है।

भारत और बांग्लादेश के बीच दो टेस्ट मैचों की सीरीज की शुरुआत 19 सितंबर से होने जा रही है। टीम इंडिया अपना आखिरी टेस्ट मैच पांच महीने पहले इंग्लैंड के खिलाफ खेलने मैदान पर उतरी थी। इसके बाद भारतीय टीम लगातार लिमिटेड ओवरों का क्रिकेट खेल रही है। ऐसे में बांग्लादेश से टीम इंडिया को घर में कड़ी चुनौती मिल सकती है। बांग्लादेश ने हाल ही में पाकिस्तान को उसके घर में बुरी तरह से हराया है।

राहुल द्रविड़ के बाद टीम इंडिया के मुख्य कोच बने गौतम गंभीर के नेतृत्व यह पहला टेस्ट मैच होगा। प्रैक्टिस शुरू होने से पहले कोच गौतम गंभीर ने सबसे पहले अपने सपोर्ट स्टाफ के साथ बातचीत की।



इस दौरान सहायक कोच अभिषेक नायर ने भी टीम इंडिया के खिलाड़ियों और कोचिंग स्टाफ को ब्रीफ किया। टीम इंडिया के लगभग सभी नए सपोर्ट स्टाफ के लिए टेस्ट मैचों की यह पहली चुनौती होगी।

साउथ अफ्रीका के पूर्व दिग्गज तेज गेंदबाज मोर्ने मोर्कल के साथ टीम इंडिया में बॉलिंग कोच के रूप में जुड़ चुके हैं। मोर्कल निजी कारणों से श्रीलंका दौरे पर टीम के साथ नहीं जुड़े थे। ऐसे में अब मोर्कल की अगुवाई में भारतीय टीम गेंदबाजी में एक नई शुरुआत करने के लिए पूरी तरह से तैयार है।

बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए कुछ खिलाड़ी टीम इंडिया के साथ बाद में जुड़ेंगे। सरफराज खान जैसे खिलाड़ी फिलहाल दलीप ट्रॉफी में खेल रहे हैं और उनका नाम टेस्ट सीरीज के लिए आया है। वहीं दलीप ट्रॉफी में ही खेलने वाले ऋषभ पंत जैसे खिलाड़ी स्क्वाड से जुड़ चुके हैं।

# रोहित शर्मा ने रात ढाई बजे मैसेज करके बुलाया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

■रात ढाई बजे रूम में बुलाने का खोला राज

चेन्नई। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा की लीडरशिप स्किल्स का हर कोई दीवाना है। दुश्मन की उनकी इस खूबी की तारीफ करते नहीं थकते। भारत को 2024 का टी–20 वर्ल्ड कप जिताने वाले हिटमैन आईपीएल में मुंबई इंडियंक को रिकॉर्ड पांच बार चैंपियन बना चुके हैं। रोहित की ही कप्तानी में भारत 2023 में वनडे वर्ल्ड कप और वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल की ट्रॉफी उठाने के बेहद करीब पहुंचा था। हाल के वर्षों में कई खिलाड़ियों ने रोहित शर्मा की कप्तानी को सराहा है और अब इस फेहरिस्त में पीयूष चावला का भी नाम जुड़ गया है।

35 साल के अनुभवी स्पिनर पीयूष चावला ने आईपीएल 2023 में रोहित शर्मा की कप्तानी में मुंबई इंडियंस के लिए खेला था। उस सीजन में चावला 16 मैच में 22 विकेट झटकते हुए चौथे सबसे सफल गेंदबाज बने थे। स्पिनर ने एक यूट्यूब चैनल से बातचीत में बताया कि कैसे रात के 2:30 बजे रोहित शर्मा ने उन्हें मैसेज कर अपने रूम में बुलाया था और दिल्ली कैपिटल्स के बल्लेबाज डेविड वॉर्नर को आउट करने की प्लानिंग बनाई थी।

बकौल पीयूष चावला, श्मैंने उनके साथ इतना क्रिकेट खेला है कि हम एक आरामदायक स्तर पर पहुंच गए हैं। हम मैदान के बाहर भी बैठते हैं। एक बार रात के 2:30 बजे, उन्होंने मुझे मैसेज किया और पूछा, श्क्या आप जाग रहे हो? उन्होंने कागज पर एक फील्ड बनाई और वॉर्नर को आउट करने के बारे में मुझसे चर्चा की, वह इस बारे में सोच रहे थे कि वह मुझसे कैसे मेरा बेस्ट निकलवा सकते हैं। मुंबई इंडियंस ने 2023 सीजन में प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई किया था, लेकिन टीम अहमदाबाद में दूसरे क्वालीफायर मुकाबले में गुजरात टाइटंस से हार गई। उस सीजन ट्रॉफी चेन्नई सुपर किंग्स ने उठाई थी। अगले सीजन हार्दिक पंड्या को रोहित शर्मा की जगह मुंबई इंडियंस का कप्तान बना दिया गया। चावला ने पिछले साल के वनडे विश्व कप और इस साल के टी–20 विश्व कप का उदाहरण देते हुए इस बात पर जोर दिया कि रोहित शर्मा एक कप्तान से ज्यादा एक लीडर हैं।

### एशिया में पहली बार हुआ ऐसा अजीबोगरीब मुकाबला

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। बारिश के कारण अफगानिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच एकमात्र क्रिकेट टेस्ट बिना एक भी गेंद फेंके पांचवें और आखिरी दिन रद्द कर दिया गया। दोनों टीम के बीच टॉस तक नहीं हो पाया। लगातार बारिश और खराब आउटफील्ड के चलते मैच जब रद्द किया गया तो एक अनोखा रिकॉर्ड भी बन गया। भारत में मौसम की वजह से एक भी गेंद डाले बगैर रद्द हुआ यह पहला और ओवरऑल आठवां टेस्ट मैच बन गया। पांत दिन में इस मैच में एक भी गेंद नहीं फेंकी जा सकी है। पहले दो दिन आउटफील्ड गीली थी, जिससे अंतरराष्ट्रीय मैचों की मेजबानी के लिए इस मैदान की तैयारी पर भी सवाल उठे हैं। अफगानिस्तान इस मैच की मेजबान है, जिसे टॉप टीमों के खिलाफ खेलने का मौका नहीं मिलता। आईसीसी से 2017 में टेस्ट टीम का दर्जा मिलने के बाद यह उसका 10वां टेस्ट है।


यूसीसी की नियमावली बनाने के संबंध में समीक्षा बैठक करती हुई मुख्य सचिव।

# हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### 'मुख्यमंत्री ने दी प्रदेशवासियों को हिन्दी दिवस की शुभकामनाएं

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेशवासियों को हिन्दी दिवस की शुभकामनाएं दी है। इस अवसर पर जारी अपने संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा है कि हिन्दी हमारी संस्कृति भावनाओं, आकांक्षाओं एवं आदर्शों का प्रतीक है। किसी भी देश की भाषा ही उसकी संस्कृति एवं परम्पराओं से जोड़ने में मददगार होती है। हिन्दी मात्र भाषा ही नही है बल्कि हमारी सभ्यता व संस्कृति की भी पहचान है। हिन्दी देश की एकता एवं अखंडता का भी आधार है। यह हमारी परंपराओं और हमारी विरासत का बोध कराने वाला एक सतत अनुष्ठान भी है।

### दून में ट्रैफिक सुधार को लेकर निदेशक से मिले व्यापारी

**संवाददाता** देहरादून। देहरादून में यातायात की समस्याओं को लेकर दूनवैली महानगर उद्योग व्यापार मंडल समेत विभिन्न संगठनों से जुड़े व्यापारी शुक्रवार को यातायात निदेशक आईपीएस अरुण मोहन जोशी से मिले। व्यापार मंडल के मुख्य संरक्षक अशोक वर्मा, महानगर अध्यक्ष पंकज मैसोन ने कहा कि देहरादून शहर में यातायात व्यवस्था खराब होने से आम लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। उन्होंने ट्रैफिक सुधार के लिए कुछ सुझाव भी दिए। जोशी ने कहा कि दून में यातायात के लिए जल्दी नई पहल होगी। यातायात व्यवस्था को सुधारे के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं।

### एमेजॉन इंडिया ने त्योहारों से पहले 1.1 लाख से ज्यादा मौसमी नौकरियाँ पेश कीं

**संवाददाता** देहरादून। एमेजॉन इंडिया ने घोषणा की कि इसके ऑपरेशंस नेटवर्क में 110,000 से ज्यादा नौकरियाँ दी गई हैं। ये नौकरियाँ आगामी त्योहारों के दौरान ग्राहकों की बढ़ती मांग को पूरा करेंगी। एमेजॉन इंडिया द्वारा अपने मौजूदा नेटवर्क में हजारों महिला एसोसिएट्स और लगभग 1900 पीडब्लूडी एसोसिएट्स (दिव्यांगों) की भर्ती की जा चुकी है। एमेजॉन इंडिया द्वारा नए पदों में से ज्यादातर पर भर्ती की जा चुकी है।

### दिल को स्वस्थ रखने के लिए जरूरी है बीपी और ईसीजी की नियमित जाँच

**संवाददाता** देहरादून। भारत में हाई बीपी एक गंभीर स्वास्थ्य समस्या है। भारत में कम से कम चार लोगों में से एक को हाई बीपी की समस्या है। हाई बीपी से पीड़ित करीब 220 मिलियन लोगों में से केवल 12 प्रतिशत का बीपी सही है और उनमें से केवल लगभग 5 प्रतिशत ही डिजिटल बीपी मॉनिटर का उपयोग करते हैं। यह दर्शाता है कि अधिकतर लोग अपनी स्थिति से अनजान रहते हैं और उन्हें सही समय पर उपचार नहीं मिल पाता है।

# यह धर्म संसद विकसित राष्ट्र के निर्माण में मील का पत्थर साबित होगी: सीएम

**धर्म संसद कार्यक्रम**

■ सीएम ने पतंजलि ऑडिटोरियम में आयोजित युवा धर्म संसद कार्यक्रम में किया प्रतिभाग

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को पतंजलि ऑडिटोरियम में आयोजित युवा धर्म संसद कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सेवा संस्थानम द्वारा आयोजित चतुर्थ युवा धर्म संसद में पहुँचे सभी महानुभावों तथा युवा शक्ति का देवभूमि उत्तराखण्ड आगमन पर हार्दिक स्वागत एवं अभिनन्दन करते हुए कहा कि 11 सितम्बर 1893 में स्वामी विवेकानन्द जी द्वारा अमेरीका के शिकागो शहर में दिए गए उद्बोधन को आधार मानकर आयोजित यह कार्यक्रम देश की युवा शक्ति को राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान देने के लिए अवश्य ही प्रेरित करेगा क्योंकि यह संसद निष्ठावान और जागरूक नागरिकों के निर्माण का कार्य करती है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज का युवा देश के प्रति जिम्मेदार भी है और कर्तव्य परायण भी, यह धर्म संसद विकसित राष्ट्र के निर्माण में मील का पत्थर साबित होगी। उन्होंने कहा कि कोई भी राष्ट्र आर्थिक, सामाजिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक रूप से तब तक विकसित नहीं हो सकता जब तक वहां की युवाशक्ति संगठित तथा आत्मनिर्भर व राष्ट्रवाद की भावना से प्रेरित न हो। उन्होंने कहा कि आज भारत एक युवा देश के रूप में जाना जाता है और अगर देश के युवा सही दिशा में कार्य करेंगे तो निश्चित ही हमारा देश पुनः विश्व गुरू के पद पर आसीन होगा। देश को विश्व गुरू बनाने तथा वर्ष 2047 तक देश को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए युवाओं को अपने कन्धों पर जिम्मेदारी लेनी होगी। उन्होंने कहा कि युवा सकारात्मक सोच के साथ अपनी रूचि के अनुसार कार्य क्षेत्र का चुनाव करें और यह स्मरण रहे कि राष्ट्र प्रथम।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारा विकल्प रहित संकल्प होना चाहिए क्योंकि संकल्प में विकल्प ले आते हैं तो संकल्प वहीं पर समाप्त हो जाता है, हमारे रास्ते बदल जाते हैं, मंजिल हमसे दूर हो जाती है और सपने हम से रूठ जाते हैं। उन्होंने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के कुशल नेतृत्व में भारतीय संस्कृति को संपूर्ण विश्व में पहचान मिल रही है और भारतीय सनातन संस्कृति की अनमोल धरोहर योग और प्राणायाम को पूरा विश्व अपना रहा है। आज विश्व के अनेक देशों में लोग, गीता के सार को सुन भारतीय संस्कृति को अपना रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति को संरक्षित एवं संवर्धित करने के साथ ही देश को आगामी 2047 तक विकसित राष्ट्र के रूप में स्थापित करने के मिशन पर



### युवा आज स्टार्टअप के माध्यम से आगे बढ़ रहे

मुख्यमंत्री ने कहा कि देवभूमि उत्तराखंड अध्यात्म की धरती रही है। सरकार उत्तराखंड के अंदर धार्मिक और सांस्कृतिक विरासत को आगे बढ़ाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। राज्य सरकार ने दून विवि में सेंटर फॉर हिंदू स्टडीज की पढ़ाई शुरू करने का निर्णय लिया है। उन्होंने बताया कि विकसित राष्ट्र के निर्माण में उत्तराखंड के युवा भी आगे बढ़ रहे हैं। उत्तराखंड के युवा आज स्टार्टअप के माध्यम से आगे बढ़ रहे हैं। देश के युवाओं में पर्याप्त सामर्थ्य और ऊर्जा है। आप सभी युवा भारतीय संस्कृति के संवर्धन के लिए संकल्पबद्ध हैं।

कार्य कर रहे हैं।

कार्यक्रम में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र अयोध्या के महासचिव चम्पत राय, सिद्धपीठ श्री हनुमन्निवास अयोध्या आचार्य मिथिलेश नंदिनी शरण जी महाराज, बाबा रामदेव ने भी अपने विचार प्रकट किए। इस अवसर पर विधायक प्रदीप बत्रा, जिला पंचायत अध्यक्ष किरण चौधरी, पूर्व विधायक सुरेश राठौर, जिलाध्यक्ष भाजपा शोभाराम प्रजापति, जिलाधिकारी कर्मेन्द्र सिंह, एसएसपी प्रमेन्द्र डोबाल उपस्थित थे।

# भूस्खलन क्षेत्रों से लोगों को सुरक्षित स्थानों पर रखा जाए

**निर्देश**

■मुख्यमंत्री ने राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में हो रही बारिश की जानकारी ली

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह ने शुक्रवार को आईटी पार्क स्थित उत्तराखंड राज्य आपदा परिचालन केंद्र पहुँचकर राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में हो रही बारिश की जानकारी ली। उन्होंने जिलाधिकारियों से बारिश की स्थिति, सड़कों, पेयजल, विद्युत आपूर्ति एवं अन्य जानकारियां ली। मुख्यमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिये कि अतिवृष्टि और भूस्खलन से संबंधित क्षेत्रों से लोगों को सुरक्षित स्थानों पर रखा जाए। अतिवृष्टि के दृष्टिगत श्रद्धालुओं एवं यात्रियों को सुरक्षित स्थानों पर ठहरने की व्यवस्था के साथ ही भोजन और बच्चों को दूध की पर्याप्त व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाय। उन्होंने सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिये कि सभी अधिकारियों को हर पल अलर्ट मोड में रखा जाए।

मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारियों से जल भराव की स्थिति की जानकारी ली और जल निकासी की बेहतर व्यवस्था के निर्देश दिए। नदियों के जल स्तर बढ़ने की स्थिति में नदी किनारे और अन्य संवेदनशील इलाकों में रहने वाले लोगों को भी जागरूक करने के लिए कहा। मुख्यमंत्री ने सचिव आपदा प्रबंधन श्री विनोद कुमार सुमन को निर्देश दिये कि हर जिले में भारी बारिश की स्थिति पर लगातार नजर बनाए रखें। जिलों के साथ बेहतर समन्वय बनाकर काम करें, ताकि किसी भी आपातकाल स्थिति से तत्काल निपटा जा सके। राज्य के तमाम संवेदनशील क्षेत्रों, अत्यधिक बारिश और आपदाग्रस्त वाले इलाकों को लेकर भी विशेष नजर बनाए रखें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आपदा को लेकर किसी भी प्रकार की सूचना प्राप्त होने पर तत्काल कार्यवाही की जाये। साथ ही रिस्पांस टाईम कम से कम रखने के निर्देश दिये। सीएम ने जिलाधिकारियों को निर्देश दिये कि बारिश के कारण जो सम्पर्क मार्ग अवरुद्ध हुए हैं उन्हें जल्द आवागमन के लिए सुचारू किया जाए।



### यूसीसी की नियमावली बनाने के संबंध में समीक्षा बैठक सम्पन्न

**संवाददाता** देहरादून। मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी तथा उत्तराखण्ड समान नागरिक संहिता की समिति के सदस्य शत्रुघ्न सिंह की अध्यक्षता में बीजापुर अतिथिगृह में उत्तराखण्ड समान नागरिक संहिता की नियमावली बनाने के संबंध में समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। आज की बैठक में गृह, पुलिस, स्वास्थ्य, आबकारी, अल्पसंख्यक, संस्कृति, खाद्य व नागरिक आपूर्ति, ऊर्जा, नियोजन, वित्त विभाग के सहयोग व समन्वय से उत्तराखण्ड यूसीसी की नियमावली बनाने से सम्बन्धित विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी व उत्तराखण्ड यूसीसी सदस्य शत्रुघ्न सिंह ने यूसीसी के क्रियान्वयन के लिए बनने वाली नियमावली को अन्तिम रूप देने में सभी विभागों को सहयोग व समन्वय के निर्देश दिए हैं।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के. प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ.-राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।